




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक

दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

श्रीकंचनपथ ONLINE

वर्ष- 13, अंक - 101 | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 24 जनवरी 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-








**किराये से देना है**

15x20 डबल स्टोरी दुकान किराये से देना है।

संपर्क :- 99933-16015

किराया - 8000 से 10000 मात्र

हाइवे पेट्रोल पंप के सामने दुर्गा मंदिर के बाजू में

जनता मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

**आवश्यकता है**

Hotel Dream Palace में आवश्यकता है

वेटर - 4 पद

संपर्क करें- 9329964073

Infront of Railway Station, Durg Distt.-Durg, C.G.-491001


# राजपथ पर 26 को दिखेगी छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की छटा

## मिली ऑनलाईन वोट की सुविधाः कर सकते हैं मनपसंद झांकी का चयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** 26 जनवरी को नई दिल्ली के राजपथ पर मुख्य समारोह में देश के विभिन्न राज्यों की प्रदर्शित झांकियों में से लोग अपनी मन पसंद की झांकी का चयन कर सकते हैं। लोगों को पहली बार अपनी पसंद की झांकी को चुनने के लिए ऑनलाईन वोट की सुविधा मिली है। इसके लिए सर्वप्रथम http://mygov.in/rd2022 लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इस लिंक पर देश के राज्यों के नाम का आप्शन चयन के लिए उपलब्ध है, जिसकी झांकी पसंद आई है। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की झांकी भी राजपथ पर अपनी छटा बिखरेगी।

गौरतलब है कि इस साल देश के सिर्फ 12 राज्यों की झांकियां ही प्रदर्शन के लिए चयनित हुई हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य भी शामिल है। कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ राज्य की इस साल की झांकी गोधन न्याय योजना से संबंधित है। छत्तीसगढ़ की झांकी को रक्षा मंत्रालय की उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति द्वारा निर्धारित कठिन चयन प्रक्रिया के विभिन्न दौर से गुजरने के बाद यह सुअवसर मिला है।

आयुक्त जनसम्पर्क छत्तीसगढ़ दीपांशु काबरा ने बताया, विशेषज्ञ समिति ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर इंडिया-75 न्यू आईडिया की थीम घोषित की है। गोधन न्याय योजना को न्यू आइडिया के तौर पर चयनित किया गया है। गोधन न्याय योजना पर बनी छत्तीसगढ़ की झांकी की विशेषता है कि वह गांवों में उपलब्ध संसाधन और तरीकों को आधुनिक तकनीक के साथ प्रस्तुत करती है। यह बताती है कि शहरी और ग्रामीण की तकनीक को मिला लिया जाए, तो विश्व की कई समस्याओं का समाधान हो सकता है।



### झांकी में यह भी दिखेगा

इस झांकी मध्य भाग में गाय को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के केंद्र में रखकर पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती, पोषण, रोजगार और आय में बढ़ोतरी की छटा दिखेगी। सबसे आखिर में चित्रकारी करती हुई ग्रामीण महिला को छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प और कलाओं के विकास की प्रतीक के रूप में दर्शाया जाएगा। इसमें प्रदेश में विकसित हो रही जल प्रबंधन प्रणालियों, बढ़ती उत्पादकता और खुशहाल किसान को भित्ति-चित्र शैली में दिखाया जाएगा। इसी क्रम में गोबर से बनी वस्तुओं और गोबर से वर्मी कंपोस्ट तैयार करती स्व-सहायता समूहों की महिलाएं भी झांकी में दिखेंगी। छत्तीसगढ़ की गोधन न्याय योजना की झांकी के लिए लोगों से वोटिंग की अपील की गई है।

### ऐसी है इस बार छत्तीसगढ़ की झांकी

झांकी के अगले भाग में गाय के गोबर को इकट्ठा करके उसे बेचने के लिए गोठानों की ओर ले जाती महिलाओं को दर्शाया जाएगा। ये महिलाएं पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में होंगी। इन्हीं में से एक महिला को गोबर से उत्पाद तैयार कर बेचने के लिए बाजार ले जाते दिखाया जाएगा। महिलाओं के चारों ओर गोठानों में साग-सब्जियों और फूलों की खेती दिखाई जाएगी। नीचे की ओर गोबर से बने दीयों की सजावट की जाएगी। झांकी के पिछले हिस्से में गौठानों को रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क के रूप में विकसित होते दिखाया गया है।

सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के पास आया रिकॉर्डेड कॉल

# आतंकी मंसूबाः गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कश्मीर का झंडा फहराने की धमकी



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को सोमवार सुबह एक बार फिर से गुमनाम नंबर से एक ऑटोमेटेड कॉल( स्वचालित कॉल) प्राप्त हुई। इसमें कहा गया कि गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में कश्मीर का झंडा फहराया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के कुछ एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड( एओआर) को किए गए कॉल में कॉलर ने खुद को इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य होने का दावा किया। उसने कहा कि कश्मीर से अनुच्छेद-370 को निरस्त करने के लिए सुप्रीम कोर्ट उतना ही जिम्मेदार है जितना कि मोदी सरकार।

मालूम हो कि इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट के वकीलों को गुमनाम नंबर से कॉल प्राप्त हुए थे। इस महीने की शुरुआत में वकीलों को यूनाइटेड किंगडम और कनाडा में गुमनाम नंबरों से कॉल आए थे, जिसमें पंजाब के हुसैनवाला फ्लाईओवर पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के सुरक्षा उल्लंघन की जिम्मेदारी ली गई थी। उस वक्त कॉलर ने 'सिख फॉर जस्टिस' का सदस्य होने का दावा किया था। तब सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों को एक गैर सरकारी संगठन 'लॉयर्स वॉयस' द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई से परहेज करने की चेतावनी भी दी गई थी। लॉयर्स वॉयस' ने पीएम की सुरक्षा भंग की जांच की मांग की थी।

## खास-खबर



### कोरोना की चपेट में संसदः बजट सत्र से पहले 875 कर्मचारी हुए संक्रमित, उप राष्ट्रपति दूसरी बार हुए पॉजिटिव

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में 31 जनवरी से शुरू हो रहे बजट सत्र से पहले ही संसद के 875 कर्मचारी कोरोना पाजिटिव हो चुके हैं। उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू भी रविवार को कोरोना की चपेट में आ गए। नायडू की कोरोना रिपोर्ट रविवार को पॉजिटिव आई है। यह दूसरी बार जब वह कोरोना वायरस की चपेट में आए हैं। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। संसदीय आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, 20 जनवरी तक 2,847 कोविड टेस्ट कराए गए, जिसमें 875 संसदीय कर्मचारियों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई। जबकि राज्यसभा सचिवालय में कुल 915 टेस्ट हुए, जिसमें 271 पॉजिटिव मिले। वहीं 4 से 8 जनवरी के बीच राज्यसभा सचिवालय में 65, लोकसभा सचिवालय में 200 और अन्य सेवाओं में 133 लोग संक्रमित पाए गए। देश में कोरोना केसों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बजट सत्र में कठोर कोविड प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। इसके अलावा नए दिशा-निर्देशों के तहत इस महीने के अंत तक 50 फीसदी अधिकारी व सदस्यों को घर से काम करने को कहा गया। हालांकि, विकलांग और गर्भवती महिलाओं को ऑफिस आने में छूट दी गई है। नए आदेश के तहत भीड़ से बचने के लिए सचिवालय के खुलने व बंद होने के समय में परिवर्तन है।

## 300 यूनिट मुफ्त बिजली वादे पर फंसी सपा, शिकायत के बाद चुनाव आयोग ने मांगी रिपोर्ट

**लखनऊ ( एजेंसी )।** समाजवादी पार्टी की ओर से सरकार बनने के बाद 300 यूनिट बिजली मुफ्त दिए जाने के वादे के साथ रजिस्ट्रेशन कराने पर चुनाव आयोग ने जवाब मांगा है। सपा के इस अभियान को लेकर आयोग से शिकायत की गई थी। इसे प्रलोभन देने का मामला बताते हुए शिकायत की गई थी। अब आयोग ने सभी जिलों के निर्वाचन अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सरकार बनने पर 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने का वादा किया है। इस योजना का लाभ पाने के लिए नाम लिखाओ अभियान की शुरुआत की गई है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता अमित जायसवाल ने इस पर आपत्ति जताते हुए शिकायत दर्ज कराई।

# रेल हादसे की आतंकी साजिश? ट्रैक से खोले गए नट, 3 ट्रेनें भी गुजरीं

**अयोध्या ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश सहित देश के 5 राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनावों और गणतंत्र दिवस से ठीक पहले अयोध्या में कथित तौर पर एक बड़े रेल हादसे को अंजाम देने की आतंकी साजिश का मामला सामने आया है। हालांकि, इस हरकत के पीछे कौन था इसका अभी पता नहीं चल सका है। घटना का खुलासा होने के बाद पुलिस के साथ ही रेलवे भी सतर्क हो गया है।

जानकारी के अनुसार, अयोध्या धाम के रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग के पास शनिवार देर रात रेलवे ट्रैक के 6 नट खुले मिले थे। रविवार सुबह जब तक रेलवे कर्मियों की नजर इस ओर पड़ी तब जाकर इस घटना का पता चला, तब तक कई प्रमुख ट्रेनें यहां से गुजर गईं। इसकी जानकारी मिलते ही रेलवे विभाग में हड़कंप मच गया।



इसके बाद आनन-फानन में ट्रैक को सही कराया गया। इस घटना को आतंकी साजिश से जोड़कर देखा जा रहा है।

इस घटना के बाद रेलवे अधिकारियों की ओर से रेल हादसे की आशंका व्यक्त करते हुए रेलवे सुरक्षा बल के थाना अयोध्या कैंट एवं कोतवाली अयोध्या में तहरीर दी गई है। आरपीएफ ने बोल्ट चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फिलहाल इस मामले की संयुक्त जांच आरपीएफ और अयोध्या पुलिस कर रही है। जांच के बाद पता चल सकेगा कि नट-बोल्ट चोरी करने के पीछे क्या कारण है। रेलकर्मी हर सेक्शन पर सतर्क हैं।

# पाक को दुश्मन नहीं मानते अखिलेश, कसाब जिंदा होता तो स्टार प्रचारक होते-भाजपा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश में चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आते जा रहे हैं वैसे-वैसे राजनीतिक बयानबाजी तेज होती जा रही है। इसी क्रम में आज भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस वार्ता कर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जिन्ना को हमारी पार्टी ने नहीं लाया बल्कि अखिलेश यादव लाए हैं। अखिलेश यादव पाकिस्तान को दुश्मन नहीं मानते हैं। वे दुश्मन मानेंगे भी कैसे जो करे जिन्ना से प्यार वह कैसे करे पाकिस्तान से इंकार। अखिलेश यादव का बयान दुखद, चिंताजनक और शर्मनाक है। अखिलेश यादव अपने बयान पर पश्चाताप करें। 2017 के बाद से यूपी में विकास की राजनीति शुरू हुई है।



### आतंकी कसाब जिंदा होता तो अखिलेश उसे भी चुनाव में उतारने से नहीं हिचकतेः संबित

इतना ही नहीं संबित पात्रा ने अब तक उम्मीदवारों की सूची नहीं जारी करने को लेकर भी अखिलेश यादव पर निशाना साधा। संबित ने कहा कि अखिलेश उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं करेंगे क्योंकि उनकी सूची में अधिकतर उम्मीदवार गुंडे और मवाली भरे पड़े हैं। उन्हें पता है कि अगर वे सूची जारी करेंगे तो जनता के सामने उनकी पोल खुल जाएगी। संबित पात्रा इतना पर ही नहीं रुके उन्होंने जेल गए उम्मीदवार नाहिद हसन को लेकर भी अखिलेश यादव को घेरा। संबित ने कहा कि अगर आतंकी कसाब जिंदा होता तो अखिलेश उसे भी चुनाव में उतारने से नहीं हिचकते।

### अखिलेश यादव को ओपिनियन पोल बेकार लग रहाः संबित पात्रा

संबित ने कहा कि अभी अखिलेश यादव चुनाव आयोग को पत्र लिख रहे हैं कि ओपिनियन पोल पर रोक लगे। मैं कहना चाहता हूं कि अखिलेश को अभी ओपिनियन पोल बेकार लग रहा है। अब मैं लिख के दे सकता हूं कि 10 मार्च के बाद उन्हें ईवीएम भी बेकार लगेगी। संबित ने कहा कि अखिलेश यादव व्हाट्सएप से टिकट बांट रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं आखिर अखिलेश को किस बात का भय है।


### क्या कहा अखिलेश यादव ने?

दरअसल इकनॉमिक टाइम्स को दिए इंटरव्यू में अखिलेश यादव ने कहा कि पाकिस्तान भारत का असली दुश्मन नहीं है, बीजेपी वोटों के खातिर पाकिस्तान को निशाना बनाती है। अखिलेश यादव ने डॉ. राम मनोहर लोहिया और मुलायम सिंह यादव का हवाला देकर कहा कि भारत का असली दुश्मन चीन है, जबकि पाकिस्तान राजनीतिक दुश्मन है।

## केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगी, दमकल की चार गाड़ियां मौके पर तैनात

**मुंबई ( एजेंसी )।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में सोमवार को एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग पर काबू पाने में दमकल की चार गाड़ियां मौके पर तैनात हैं। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने हादसे की तस्वीरें जारी की हैं। इनमें आग की भयानक लपटें और काला धुंआ उठता दिख रहा है। आग लगने की वजह अभी तक सामने नहीं आई है।

# उत्तराखंड में कांग्रेस की स्थिति अच्छी-भूपेश बघेल



### आज हो सकता है कांग्रेस प्रत्याशी के नामों का एलान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों का एलान होना शुरू हो गया है। राजनीतिक उठापठक के बीच चुनाव जीतने के लिए राजनीतिक दलों ने पूरी ताकत झोंक दी है। नेताओं के दल बदलने का सिलसिला भी जारी है। इन सबके साथ राजनीतिक नेताओं की बयानबाजी और गुटबाजी भी अब सामने आने लगी है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि उत्तराखंड में कांग्रेस की स्थिति काफी अच्छी है। बघेल बोले, भाजपा लोगों को बांटने की राजनीति करती है। धर्म के आधार पर बांटकर वो लोग वोट पाना चाहते हैं। उत्तराखंड के बचे हुए सीटों पर आज कांग्रेस प्रत्याशी के नामों का एलान कर सकती है। कांग्रेस की चुनाव समित की बैठक आज होगी। इस बैठक में पूर्व सीएम हरीश रावत और भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए हरक सिंह रावत की सीटों पर फैसला होगा।

### राघव चड्ढा राज्यपाल से करेंगे मुख्यमंत्री चन्नी की शिकायत

आप नेता राघव चड्ढा आज दोपहर पंजाब के राज्यपाल से मुलाकात करेंगे। चड्ढा पंजाब के को-इंचार्ज हैं। राज्यपाल से मुलाकात के दौरान वो मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के भतीजे के ठीकानों पर हुई प्रवर्तन निदेशालय के छापेमारी और अवैध खनन का मुद्दा उठाएंगे।

### कल से पंजाब में होगा नामांकन

पंजाब में 20 फरवरी को पहले चरण का मतदान होना है। इसके लिए कल यानी 25 जनवरी से एक फरवरी तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे। चार फरवरी तक नाम वापसी का मौका होगा।

# कोरोना के नए मामलों में थोड़ी राहत पर आंकड़ा अब भी 3 लाख के पार

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश में बीते दिन कोरोना के 306,064 नए केस मिले और 439 मरीजों की मौत हुई। पिछले 24 घंटे में 2,43,495 मरीज रिकवर हुए। कोरोना को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 3,68,04,145 हो गई है। फिलहाल रिकवरी रेट 93.07 प्रतिशत है। वहीं, एक्टिव केस में 73,840 की बढ़ोतरी हुई, जिससे इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 22,49,335 हो गई। संक्रिय मामलों की दर 5.69 प्रतिशत है। फिलहाल डेली पॉजिटिविटी रेट 20.75 प्रतिशत है। वहीं, वीकली पॉजिटिविटी रेट 17.03 प्रतिशत है।

पूरे देश में कोरोना महामारी के खिलाफ वैक्सीनेशन जारी है। अब तक 162.26 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज लगाई जा चुकी हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को अब तक 162.73 करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की खुराक मुहैया कराई जा चुकी है। इनके पास अभी भी 13.83 करोड़ से अधिक वैक्सीन डोज मौजूद हैं, जिनका इस्तेमाल होना बाकी है।



***रविवार को देश में 14,74,753 कोरोना टेस्ट हुए***

कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच कोविड टेस्टिंग भी जोर-शोर से जारी है। रविवार को 14,74,753 टेस्ट किए गए। देश में अब तक 71.69 से अधिक कोरोना टेस्ट हो चुके हैं। गौरतलब है कि भारत में कोरोना का कहर जारी है और इसका नया वैरिएंट ओमिक्रॉन अब कम्युनिटी ट्रांसमिशन स्टेज में पहुंच गया है। कई महानगरों में इसका असर बढ़ता जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में संक्रमण के 3841 नए मामले सामने आए, 11 की मौत, पॉजिटिविटी रेट 14.03 फीसदी

छत्तीसगढ़ में रविवार को कोरोना संक्रमण के 3,841 नए मामले सामने आए। इसके साथ ही यहां कोरोना के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 10,95,709 हो गई है। वहीं रविवार को 11 लोगों की मौत के बाद यहां अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 13,727 हो गई है। उन्होंने कहा कि रविवार को राज्य में सकारात्मकता दर प्रति 100 परीक्षणों पर 14.03 प्रतिशत रही। उन्होंने कहा कि 96 लोगों को अस्पतालों से छुट्टी दे दी गई, इसके साथ ही अब तक ठीक होने वालों की कुल संख्या 10,49,992 हो गई है। इसके अलावा रविवार को 2,925 लोगों ने होम आइसोलेशन की अवधि पूरी कर ली। फिलहाल राज्य में कोरोना संक्रमण के 31,990 सक्रिय मामले हैं। उन्होंने कहा कि रायपुर जिले में कोरोना संक्रमण के 1,018 नए मामले मिलने के साथ ही यहां कुल मामलों की संख्या 1,84,038 हो गई है, इनमें 3,178 मौतें भी शामिल हैं। जिले में अभी 8,212 सक्रिय मामले हैं। दुर्ग में 790 मामले सामने आए हैं। इसके बाद रायगढ़ में 291, बिलासपुर में 250, बस्तर में 239, जशपुर में 164 और राजनांदगांव में 142 मामले सामने आए हैं। अधिकारी ने कहा कि रविवार के दिन में 27,377 नमूनों की जांच के बाद राज्य में अब तक हुई कोविड-19 जांच की संख्या बढ़कर 1,59,47,251 हो गई है। छत्तीसगढ़ के कोरोनावायरस के आंकड़े इस प्रकार हैं- कुल सकारात्मक मामले 10,95,709, नए मामले 3,841, मरने वालों की संख्या 13,727, ठीक होने वालों की संख्या 10,49,992, सक्रिय मामले 31,990, आज परीक्षण 27,377, कुल परीक्षण 1,59,47,251 हैं।

***कम्युनिटी ट्रांसमिशन स्टेज पर ओमिक्रॉन वैरिएंट***

स्वास्थ्य मंत्रालय की संस्था INSACOG की स्टडी के मुताबिक, कम्युनिटी ट्रांसमिशन कई महानगरों में प्रभावी हो गया है और कई शहरों में संक्रमण के नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। साथ ही अब यह भी बताया गया है कि ओमिक्रॉन का संक्रामक सब-वेरिएंट BA2 भी देश में मिला है। रिपोर्ट में कहा गया कि दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों में कम्युनिटी स्प्रेड हो चुका है और यहां पर तेजी से मामले सामने आने की संभावना है।

## संपादकीय

# कोरोना की दवाएं

कोरोना महामारी की वजह से न केवल वायरस उपचार शोध में तेजी आई है, बल्कि दूसरी बीमारियों पर भी शोध कार्य तेज हुए हैं। साल 2021 की शुरुआत में कोविड-19 टीकों के आने से वैश्विक महामारी के खिलाफ जंग शुरू हुई थी और साल के अंत में दो मौखिक एंटीवायरल दवाओं, मोलनुपिरवीर और पैक्सलोविद का अनुमोदन मील का पत्थर है। ये दवाएं कोविड-19 के चलते अस्पताल में भर्ती होने और मौतों की संख्या को कम करने का वादा करती हैं। जब ये दवाएं लोकप्रिय होने लगी हैं, तब भी शोधकर्ता और विकसित उपचार की तलाश में लगे हैं। पेन्सिल्वेनिया विश्वविद्यालय में पेरेलमैन स्कूल ऑफ मेडिसिन की महामारी विशेषज्ञ सारा चेरी कहती हैं कि अभी जो खाने वाली दवाएं आई हैं, वे कोरोना वायरस के खिलाफ पहली पीढ़ी के एंटीवायरल हैं। वह कहती हैं कि हेपेटाइटिस सी और एचआईवी जैसी बीमारियों के खिलाफ एंटीवायरल के साथ हमारा अनुभव बताता है कि हम समय के साथ और बेहतर दवाएं ला सकते हैं। औषधियों का निरंतर विकास लोगों के विश्वास के लिए भी जरूरी है। एक बड़ी संख्या ऐसे लोगों की है, जो अभी भी टीकों पर विश्वास नहीं कर पा रहे हैं और ऐसे ही लोगों को कोरोना वायरस कुछ ज्यादा परेशान कर रहा है।

> “ डब्ल्यूएचओ और विकसित देश नई दवाओं को मंजूरी देकर मौका दे रहे हैं, इनमें से दो दवाएं बिल्कुल नई हैं, बेरिसिटिनिब और सोत्रोविमेब। अभी भी एकाधिक एंटीवायरल दवाएं शोध व जांच की प्रक्रिया में हैं। कोशिश एक ऐसी दवा विकसित करने की है, जिसे दिन में एक बार खाने से ही यथोचित परिणाम मिल जाए। वैज्ञानिक एंटीवायरल के लिए नए लक्ष्यों की पहचान व सत्यापन में लगे हैं, ताकि इस महामारी को धूल चटाने के साथ ही अगली किसी भी वायरस जनित महामारी से मुकाबला किया जा सके।

क्लिनिकल ट्रायल के आंकड़ों से पता चलता है कि मोलनुपिरवीर ने अस्पताल में भर्ती होने और मौतों में 30 प्रतिशत की कमी लाई है। पैक्सलोविद ने अस्पताल में भर्ती होने व मौतों में 89 प्रतिशत की कटौती की है। ब्रिटिश नियामकों ने नवंबर में मोलनुपिरवीर और दिसंबर में पैक्सलोविद को मंजूरी दी थी, जबकि अमेरिकी नियामकों ने दिसंबर में इन दोनों दवाओं के आपातकालीन इस्तेमाल को हरी झंडी दिखाई है। कई दवा निर्माता इन नई दवाओं के निर्माण के लिए आगे आ रहे हैं और जल्दी ही इनके जेनेरिक संस्करण दूसरे देशों में बनने लगेंगे। फिलहाल कोरोना के उपचार में इस्तेमाल हो रही इन खाने वाली दवाओं की आपूर्ति कम है। वैज्ञानिकों का दावा है कि जब ये दवाइयां तमाम देशों में पहुंच जाएंगी, तो ज्यादा से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती होने और मौत के मुंह में जाने से बचा सकेंगी। क्या कोरोना के खिलाफ ये पहली पीढ़ी के एंटीवायरल अंतिम रूप से कारगर होने वाले हैं? यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना के कोरोना विशेषज्ञ टिम शीहान कहते हैं, अभी यह बताना जल्दबाजी होगी।

भारत में मोलनुपिरवीर और पैक्सलोविद को लेकर अभी समर्थन की स्थिति नहीं बन रही है। भारत में अभी रेमडेसिविर और टोसिलीजुमेब के जरूरी इस्तेमाल को ही मंजूरी है। इलाज का एक विकल्प रेमेडिसविर के मौखिक संस्करण को भी बताया जा रहा है, पर इस पर अभी परीक्षण चल रहा है। डब्ल्यूएचओ और विकसित देश नई दवाओं को मंजूरी देकर मौका दे रहे हैं, इनमें से दो दवाएं बिल्कुल नई हैं, बेरिसिटिनिब और सोत्रोविमेब। अभी भी एकाधिक एंटीवायरल दवाएं शोध व जांच की प्रक्रिया में हैं। कोशिश एक ऐसी दवा विकसित करने की है, जिसे दिन में एक बार खाने से ही यथोचित परिणाम मिल जाए। वैज्ञानिक एंटीवायरल के लिए नए लक्ष्यों की पहचान व सत्यापन में लगे हैं, ताकि इस महामारी को धूल चटाने के साथ ही अगली किसी भी वायरस जनित महामारी से मुकाबला किया जा सके।




> “ सरकार क्या करेगी और कैसे करेगी, यह बताने के लिए उसके पास बहुत से जानकार मौजूद हैं। लेकिन यह तय है कि इस वक्त एक बड़े तबके को मदद और सहारे की जरूरत है, और एक हिस्से को इस हौसले की कि वह अपने व्यापार व कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाए, ताकि उसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई पड़े। ऐसे में, देखना यही है कि सरकार बजट में क्या रुख अपनाती है?

# बजट की बेला में हमारी उम्मीदें

आलोक जोशी ,वरिष्ठ पत्रकार

बजट की बेला आ गई है। अब सबको इंतजार है कि अगले हफ्ते मंगलवार को आखिर क्या निकलेगा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लाल बस्ते से। हाल तो सामने है कि कौन-कौन बेहाल है? और यही वित्त मंत्री की सबसे बड़ी चुनौती है कि कोरोना काल में जो लोग किसी-न-किसी वजह से मुसीबत में आ गए हैं, उन्हें कैसे राहत दी जाए, कितनी राहत दी जाए और इसके लिए पैसा कहां से आएगा?

बजट का असली मतलब आमदनी और खर्च का हिसाब लगाना ही होता है। और खर्च का हिसाब लगाने से पहले यह पता होना जरूरी है कि कमाई कितनी है, और अगर खर्च ज्यादा हैं, तो कहां से कितना कर्ज मिल सकता है? यह पूरा हिसाब-किताब तो सामने आएगा आर्थिक सर्वेक्षण में, लेकिन चालू वित्त वर्ष के शुरुआती आठ महीनों का जो आंकड़ा जारी हुआ है, उसके हिसाब से चिंता आमदनी की उतनी नहीं है, जितनी इस बात की कि सरकार का खर्च इतना कम क्यों है?

आठ महीनों का हाल देखने के बाद जानकार हिसाब लगा रहे हैं कि आमदनी के मामले में तो यह साल उम्मीद से कुछ बेहतर ही निकलने वाला है। यानी सरकार को सभी स्रोतों से कुल मिलाकर जो आमदनी होने का अनुमान पिछले बजट में लगाया गया था, अब लगता है कि सरकार के हाथ में उससे करीब 2.25 लाख करोड़ रुपये अधिक आने जा रहे हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह टैक्स वसूली में आई तेजी है। पिछले छह महीनों में हर महीने औसतन 1.20 लाख करोड़ रुपये तो सिर्फ जीएसटी से ही आए हैं। इसका सीधा मतलब है कि कारोबार रफ्तार पकड़ रहा है। उधर, देश की सबसे बड़ी कंपनियों के नतीजे देखने से तो लगता है कि कहीं कोई दिक्कत है ही नहीं। कोरोना के बाद से ही इनके मुनाफे में रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखने को मिली है और आज भी मिल रही है। इन्हीं का नतीजा है कि सरकार की कुल कमाई बजट अनुमान से लगभग 30 फीसदी ज्यादा होने के आसार दिख रहे हैं।




इसमें बड़ा हिस्सा कॉरपोरेट टैक्स में 60 प्रतिशत की और आयकर में 32 फीसदी की बढ़त से आएगा। दोनों मिलाकर, प्रत्यक्ष कर वसूली 13.5 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान अर्थशास्त्री लगा रहे हैं, जो बजट में दिए गए अनुमान से करीब 46 फीसदी ऊपर होगा। अभी कोरोना की तीसरी लहर का डर और उससे ज्यादा यह आशंका बनी हुई है कि यह अर्थव्यवस्था को कितना झटका और दे सकती है। लेकिन सरकार की कमाई में 69.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी यह उम्मीद देती है कि सरकार के हाथ एकदम बंधे हुए तो नहीं हैं।

यानी, सरकार चाहे, तो जरूरी चीजों पर खर्च कर सकती है या बढ़ा सकती है। जरूरत भी सामने है, लेकिन दिख तो यह रहा है कि इस साल सरकार को जो 34.8 लाख करोड़ रुपए खर्च करने थे, उसका 60 फीसदी हिस्सा भी खर्च नहीं हो पाया है, जबकि कमाई लगभग 70 प्रतिशत बढ़ती दिख रही है। कमाई ज्यादा और खर्च कम, यानी घाटे में कटौती। बजट में अनुमान था कि इस साल सरकारी घाटा जीडीपी का 6.8 प्रतिशत, यानी 15.1 लाख करोड़ रुपये रहेगा। लेकिन अब अगर सरकार को इस साल अपना घाटा 15.1 लाख करोड़ रुपये ही रखना है, तो उसे अपना खर्च बढ़ाना पड़ेगा, यानी बचे हुए समय में उसे 16.3 लाख करोड़ रुपए खर्च करने होंगे।

अगर सरकार बचे हुए वक्त में अपना खर्च बढ़ा लेती है, तो इस साल उसका कुल खर्च लगभग 5.5 फीसदी बढ़ेगा, जो पिछले साल हुई एक फीसदी की बढ़त से तो काफी ज्यादा है, लेकिन उसे छोड़ दें, तो पिछले 16 साल में सबसे कम बढ़ोतरी है। यही सबसे बड़ी फिक्र की बात है। और, शायद यही अब वित्त मंत्री की सबसे बड़ी चुनौती भी है कि वह खर्च कैसे बढ़ाएं, कहां बढ़ाएं?

चिंता बढ़ाने की बात यह है कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद वे अर्थशास्त्री सही साबित होते दिख रहे हैं, जो कह रहे थे कि कोरोना के बाद अर्थव्यवस्था में जो सुधार आ रहा है, उसमें सबकी बराबर हिस्सेदारी नहीं है। जहां कुछ तबके तेजी से ऊपर जा रहे हैं, वहीं कुछ आज भी नीचे ही गिरते दिख रहे हैं। इसी को 'के शेप्ड रिकवरी' कहा जाता है। चुनौती यह है कि नीचे वालों को सहारा देने का कौन सा रास्ता निकाला जाए कि ऊपर बढ़ने वालों से मदद भी ली जा सके और उनकी रफ्तार पर ब्रेक भी न लग जाए।

सरकार के पास इस वक्त तक उद्योग, व्यापार और समाज के दूसरे तबकों से भी मांगों की लंबी-लंबी सूचियां पहुंच चुकी हैं कि किसे क्या चाहिए? लेकिन सब सुझावों व मांगों का सार यही है कि इस वक्त सरकार को अपना खजाना खोलना पड़ेगा। समाज के जो हिस्से और जो कारोबार इस 'के शेप्ड रिकवरी' में अब भी नीचे गिरते दिख रहे हैं, उनकी मदद करनी पड़ेगी और अगर जरूरत पड़े, तो जिन लोगों के कारोबार और कमाई में जबर्दस्त उछाल हुआ है, उनसे कुछ मदद लेने का रास्ता निकालना पड़ेगा। खजाने में पैसा लाने के लिए सरकारी कंपनियों की हिस्सेदारी बेचने का काम कुछ अटका हुआ जरूर दिख रहा है, लेकिन अगर एलआईसी का आईपीओ आ गया, तो एक झटके में एक से डेढ़ लाख करोड़ रुपये तक की रकम सरकार को मिल सकती है।

सरकार आसानी से देख सकती है कि कोरोना के बाद कौन से कारोबार तेजी से चमके हैं। इनमें एफएमसीजी, टेक्नोलॉजी और ज्यादातर ऐसी कंपनियां हैं, जिनके पास मोटा पैसा है। जबकि दूसरी तरफ छोटे व्यापारी और कुछ सेक्टर, जैसे होटल और पर्यटन आज भी संघर्ष करते दिख रहे हैं। यही हाल मध्यवर्ग और उन गरीबों का भी है, जिन्हें किसी सरकारी योजना का सहारा नहीं मिला हो या जिनके घरों ने कोरोना की मार झेली है। सरकार क्या करेगी और कैसे करेगी, यह बताने के लिए उसके पास बहुत से जानकार मौजूद हैं। लेकिन यह तय है कि इस वक्त एक बड़े तबके को मदद और सहारे की जरूरत है, और एक हिस्से को इस हौसले की कि वह अपने व्यापार व कारोबार को तेजी से आगे बढ़ाए, ताकि उसका असर पूरी अर्थव्यवस्था पर दिखाई पड़े। ऐसे में, देखना यही है कि सरकार बजट में क्या रुख अपनाती है?

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# विज्ञान और गणित पढ़कर ही तेजी से बढ़ेंगी बेटियां

ऋतु सारस्वत,समाजशास्त्री

बीता वर्ष राहत की खबर लाया कि देश में लिंगानुपात सुधरा है। बेटियों की बढ़ती जनसंख्या पर पीठ थपथपाने से पहले यह अवश्य विचार कर लेना होगा कि क्या समाज उनको वह यथोचित स्थान देने को तत्पर है, जिसकी वे अधिकारी हैं? कई अध्ययन बताते हैं कि पितृ-सत्तात्मक व्यवस्था आज भी बेटियों के पंख अपनी मुट्ठियों में कैद करके रखती है। 'शिक्षा' आत्मसंबल और आत्मविश्वास जागृत करने का आधार स्तंभ है, पर दो वर्ष पूर्व हुए शोध कार्य (एडम्स एवं एंड्रयू 2019) में पाया गया कि भारत में बेटियों को शिक्षित करने के लिए अभिभावकों की मुख्य प्रेरणा इस विश्वास से है कि 'शिक्षा से अच्छा वेतन व सुरक्षित नौकरी वाले युवक से विवाह होने की संभावना बढ़ जाएगी'। स्वयं को आधुनिक व उदारवादी घोषित करने वाले अभिभावक भी अधिकाशत: बेटियों को वही विषय पढ़ने को विवश करते हैं, जिसकी मांग विवाह बाजार में हो और यही कारण रहा कि दशकों से बच्चियों को विज्ञान व गणित जैसा विषय लेने पर हतोत्साहित किया जाता रहा है।

बेटियों के प्रति अभिभावकों की यह मानसिक जकड़न भविष्य में उनकी आत्मनिर्भरता की संभावनाओं को खत्म कर देगी, क्योंकि आने वाले समय में जिन क्षेत्रों में नौकरी की संभावनाएं सर्वाधिक हैं, उन सभी का संबंध विज्ञान, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित से है। एक अनुमान के मुताबिक, भविष्य में 90 प्रतिशत नौकरियां ऐसी होंगी, जिनमें किसी न किसी रूप से सूचना व संचार तकनीक का ज्ञान होना जरूरी होगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने बीते दिनों आगाह किया कि दकियानूसी सोच ने लड़कियों को विज्ञान के संबंधित क्षेत्रों से दूर कर दिया है। उन्होंने चिंता जताई कि विज्ञान-गणित-तकनीक में लड़कियों की पर्याप्त मौजूदगी के बिना दुनिया की रूपरेखा पुरुषों द्वारा पुरुषों के लिए तय की जाती रहेगी।




इस वास्तविकता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि विज्ञान और नवाचार से जीवन बदलने वाले फायदे हो सकते हैं, खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाली लड़कियों के लिए। अगर हमें बच्चियों को 21वीं सदी की विशालकाय चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना है, तो यह जरूरी हो जाता है, उन्हें उनकी रुचि के विषय चुनने के अवसर दिए जाएं। अमेरिका की फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी ने लगातार छह वर्षों तक दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों पर अध्ययन किया और पाया कि उच्च शिक्षा में विज्ञान विषयों में लैंगिक विषमता योग्यता को नहीं दर्शाती है, क्योंकि जब उन्होंने गणित में योग्यता की परीक्षा ली, तो यह पाया कि लड़के और लड़कियां बराबर योग्य हैं। इस समानता के बावजूद लड़के खुद को गणित में बेहतर मानते हैं, जबकि लड़कियां खुद को कमतर मानती हैं। यह चौंकाने वाली वास्तविकता उन अध्ययनों की पुष्टि करती है, जहां कहा गया है कि मन मस्तिष्क में अगर किसी एक तथ्य को निरंतर स्थापित किया जाए, तो वह सदा के लिए अंकित हो जाता है। 'ऑर्गेनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन ऐंड डेवलपमेंट' के अध्ययन में कहा गया है कि अभिभावक अपनी बेटियों को विज्ञान लेने के लिए न सिर्फ हतोत्साहित करते हैं, बल्कि उन्हें निरंतर समझाने की चेष्टा करते हैं कि विज्ञान व गणित जैसे विषय उनके लिए बने ही नहीं हैं। वास्तव में, विज्ञान विषय का जैविकता से कोई संबंध नहीं है।

एक और अध्ययन यह सत्य उद्घाटित करता है कि पांच वर्ष के बच्चे में भी यह समझ विकसित हो जाती है कि उसके लिंग (जेंडर) से क्या व्यवहार अपेक्षित है। एक प्रयोग के दौरान छोटे बच्चों को रोजमर्रा के कामकाज की तस्वीरें दिखाई गईं, इनमें से एक तस्वीर में लड़की कुल्हाड़ी से लकड़ी काट रही थी, बाद में सब बच्चों से पूछा गया कि उन्होंने तस्वीर में क्या देखा, तो कई बच्चों ने बताया कि तस्वीर में एक लड़का लकड़ी काट रहा था। उनके पूर्वाग्रहग्रस्त मस्तिष्क के लिए यह याद रख पाना मुश्किल था कि लड़की भी लकड़ी काट सकती है।

लड़कियों की क्षमताएं पितृ-सत्तात्मक व्यवस्था के लिए हमेशा से ही सवाल रही हैं। यह स्थिति तभी बदल सकती है, जब अभिभावक बेटियों की शिक्षा को उनके स्वाभिमान का अभिन्न अंग मानें। साथ ही, शिक्षकों के प्रशिक्षण में अभिनव और लैंगिक भिन्नताओं और जरूरतों को समझने वाली तकनीक में निवेश वर्तमान रुझान को बदल सकता है।

**( ये लेखिका के अपने विचार हैं )**

### श्रीमती अंजली जैन की कलम से...



कहां गया इस धरती का प्रेम, इंसानियत, छोटी-छोटी बातों को तिल का पहाड़ बना देते हैं चाहे वो पार्किंग हो, चाहे वो साइड देना हो, कैसे चलेगा? संसार का व्यवहार कैसे रहेंगे हम लोग साथ।

-अंजली जैन
7024460938

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239




























# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़








## खास खबर

### पराक्रम दिवस के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस को किया गया नमन

**कोरबा।** आज़ादी का अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भारत की आज़ादी के मुख्य सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 125 जयंती के अवसर पर एनटीपीसी कोरबा ने नेताजी को नमन करते हुए उनकी जयंती मनाई। कार्यक्रम में नेताजी के जीवन मूल्यों से परिचित कराने के उद्देश्य से पी राम प्रसाद (महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण) द्वारा भारत की आज़ादी में नेता जी के एहम योगदान के बारे में बात की एवं उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में भानु सामंता (महाप्रबंधक राखड़ प्रबंधन), एस एस झा (महाप्रबंधक तकनिकी सेवाएं), ललित रंजन मोहंती (महाप्रबंधक प्रचालन), मनोरंजन सारंगी (अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन), यूनियन एवं एसोसिएशन के अधिकारी गण एवं मानव संसाधन विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। पराक्रम दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं ।

### सुपरवाईजर की परीक्षा में एमफिल और पीएचडी की डिग्री वाले भी हुए शामिल

**कोरबा।** एकीकृत महिला बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए व्यवसायिक परीक्षा मंडल के द्वारा प्रक्रियाएं अपनाई जा रही है। राज्य स्तरीय भर्ती परीक्षा के अंतर्गत कोरबा जिले में 30 केंद्रों में 9150 परीक्षार्थी शामिल हुए। खास बात यह रही कि ग्रेजुएट से लेकर एम फिल्ल और पीएचडी डिग्री होल्डर भी इस परीक्षा का हिस्सा बने। बाल और महिला सुपोषण, स्वास्थ्य सहित अन्य गतिविधियों के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है उसका पूरा दारोमदार आंगनबाड़ी केंद्रों और उनसे संबंधित सेक्टर पर टिका हुआ है। भारत सरकार के द्वारा परिवर्तित योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी इस विभाग पर है। योजनाएं धरातल पर जारी रहने के साथ परिणाममूलक साबित हो सके इसके लिए कई स्तर पर प्रयास करने होते हैं। आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था की जिम्मेदारी सुपरवाइजर पर दी गई है। कोरबा समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में सुपरवाइजर के 300 पद वर्तमान में रिक्त हैं।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक : राज्यपाल सुश्री उइके

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नेताजी सुभाषचन्द्र बोस देश के स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक थे। उनके राष्ट्र के प्रति त्याग एवं बलिदान की भावना ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को एक बिल्कुल नई दिशा और दशा प्रदान की। राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण, देश को आजाद देखने की प्रबल भावना और उनके अदम्य साहस भरे कदमों ने तत्कालीन समय में देश में एक नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया था।




यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने अपनी संबोधन में कही। राज्यपाल मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में आयोजित नेताजी सुभाष चंद्र बोस कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में 21 विभूतियों का हम परिवार द्वारा सम्मान किया गया। राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा हम फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्यों की सराहनीय की।

राज्यपाल ने छिंदवाड़ा के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया। उन्होंने उन सभी सेनानियों को याद किया, जिनके बारे में लोगों को जानकारी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों के जन्म स्थान पर उनका स्मारक बनाया जाए। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी की जयंती 23 जनवरी के दिन से गणतंत्र दिवस समारोह की शुरुआत की जा रही है। उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

राज्यपाल ने कहा कि नेताजी दूरदृष्टि रखते थे और देश को स्वतंत्र कराने की रणनीति तैयार की। इसके लिए उन्होंने देश को भी छोड़ दिया। आजाद हिन्द फौज की कमान राष्ट्रवादी नेता रासबिहारी बोस ने नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को सौंपी। उनके नेतृत्व में आजाद हिन्द फौज को एक संगठित स्वरूप प्रदान किया।

सुश्री उइके ने कहा- आजाद हिन्द फौज के सैनिकों का पहली बार नेतृत्व करते हुए नेताजी ने कहा था कि 'आजाद हिन्द फौज के सिपाहियों! आज का दिन मेरे जीवन का सर्वाधिक गौरवशाली दिन है। आज मुझे समस्त भारत को यह सूचित करते हुए अपार गौरव और अद्भूत आनन्द का अनुभव हो रहा है कि भारत की स्वाधीनता सेना का निर्माण हो गया है। यह फौज भारत को स्वतंत्र ही नहीं करेंगी वरन् स्वतंत्र भारत की भावी सेना का निर्माण भी इसी के द्वारा होगा। राज्यपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 'तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा' का नारा दिया, जिसने हर भारतवासी के हृदय में अवर्णनीय उत्साह एवं ऊर्जा का संचार किया था। आजाद हिन्द फौज में पारस्परिक अभिवादन तथा युद्ध घोषणा के लिए ''जयहिन्द'' का प्रयोग किया जाता था। इससे राष्ट्रीय एकता को बल मिला। ''जय हिन्द'' का नारा आजाद हिन्द फौज तक ही सीमित न होकर आज हमारा राष्ट्रीय अभिवादन बन गया है।

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का ओजस्वी व्यक्तित्व, अभूतपूर्व संगठन क्षमता, साहस, निष्ठा एवं नेतृत्व के अद्भूत गुण हमेशा याद किए जाएंगे। उनके विचार एवं आदर्श हमारे लिए धरोहर की तरह है और हमेशा रहेंगे। हम उनके योगदान को कभी नहीं भुला सकते हैं। इस अवसर पर श्री विवेक बंटी साहू व श्री निशिकांत चौधरी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में 1971 के युद्धों के सैनिक एवं विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। रेसलिंग में शिवानी पवार, कुश्ती में पूर्वा ठाकरे, क्रिकेट में निकिता कोलटकर, बैडमिंटन में भाग्य करडे, बैडमिंटन में अभिनय साहू, बालश्री पुरस्कार में मेराज फातिमा, क्रिकेट में सृष्टि नागपुरे, मोटिवेटर में अमन जैन, पावर लिफ्टिंग में अदिती बैरागी, कुश्ती में शिखा मालवी, समाज सेवा में श्री रिंकु मिगलानी, कोविड केयर सेंटर संचालन में अलमास खान, कोविड संक्रमितों की सेवा के क्षेत्र में डॉ. धर्मेन्द्र मरावी, जिला अधिवक्ताओं की समाज सेवा के क्षेत्र में सूर्योदय ग्रुप और नि:शुल्क 3.55 लाख भोजन पैकेट के लिए बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट छिंदवाड़ा, सहकारिता के क्षेत्र में के.के. सोनी तथा 1971 के युद्ध में सहभागिता निभाने वाले श्री शंकर लाल पाल, श्री शिवनाथ सिंह ठाकुर, श्री रामा अमरूदिया व श्री रमेश चंद्र विनायक का सम्मान किया है। हम फाउंडेशन भारत और नगरपालिका निगम के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर आपके वार्ड रथ का राज्यपाल सुश्री अनसुईया उइके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# एसीआई थ्रीडी ईपीएस मशीन से हृदय रोग के मरीजों को मिल रही राहत, चुनिंदा शहरों में जेएनएम मेडिकल कालेज रायपुर भी शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जहां देश में कार्पोरेट सेक्टर के अनेकों चिकित्सा संस्थान मरीजों से विशेषकर हृदय रोग के मरीजों से जमकर वसूली में शामिल है वहीं भरोसा जिंदा रहने की उम्मीद भी मरीजों के लिए राहत से कम नहीं है।



मिली जानकारी के अनुसार एसीईआई थ्रीडी ईपीएस मशीन जो देश के चुनिंदा शहरों में मौजूद है। जिसके जरिए हृदय रोग के इलेक्ट्रोफिजियोलाजी से संबंधित प्रकरणों में जहां हार्ट बीट रिदम में डिसआर्डर की बीमारी पाई जाती है उसमें मरीजों को त्वरित सहायता उक्त मशीन के माध्यम से मिल रही है। जानकारी के अनुसार उक्त मशीन के जरिए जम्मू एंड कश्मीर में खेबर मेडिकल इंस्टीट्यूट में 75 मामले, जम्मू एंड कश्मीर के सुपर स्पेशिलिटी हास्पिटल में 61 मामले एसकेआईएमएस हास्पिटल में 44 मामले चंडीगढ़ के पीजीआई हास्पिटल में 44 मामले, केरला के कुन्नूर में 22 मामले एवं छत्तीसगढ़ के पं. जेएनएम मेडिकल कालेज में 22 केरल के खोजीकोड अस्पताल में 18, चंडीगढ़ के मुकुट हास्पिटल में 14, हरियाणा के गुड़गांव स्थित मेदांता मेडिसीटी हास्पिटल में 12 एवं मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित एनसीईबी मेडिकल कालेज सुपरस्पेशिलीटी हास्पिटल में 10 मामलों में मरीजों को मिली राहत, जहां सरकारी चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध करा रही है, वहीं आज भी भरोसा जिंदा है कि उम्मीद जनमानस में एसीआई यानेकी एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट की ओर शासन का ध्यान जाए तो निजी चिकित्सा संस्थान की तुलना में आमजनों को अच्छा इलाज मिलने की संभावना बलवती है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ के पंडित जेएनएम मेडिकल कालेज का 6 वें स्थान पर एबीपीएमजेवाय ईपी केसेस टॉप टेन में शामिल होना जहां प्रदेश के गौरवमय क्षण है वहीं चिकित्सा सुविधाओं के क्षेत्र में अल्प संमय में ही उक्त उपलब्धि हासिल होना चिकित्सक बिरादरी के लिए भी गौरवपूर्ण अनुभूति का क्षण है।

# युवाओं के प्रयास से ग्राम भण्डारबाहरा के दिव्यांग को मिला व्हीलचेयर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** युवाओं के प्रयास से ग्राम पंचायत मोहदा के आश्रित ग्राम भंडाबाहरा की दिव्यांक सुगो बाई दीवान /पति स्व,दुशासन दीवान को व्हीलचेयर मिला,जिससे दिव्यांक के खुशी की लहर देखा गया ।

दिव्यांक के पास व्हीलचेयर नहीं होने के कारण उसे अपने दिनचर्या के कार्यो को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था इसकी जानकारी परिवार वालों द्वारा यशवंत यादव,नूतन मरकाम,को दिया गया,तब समाज कल्याण विभाग गरियाबंद को इस संबंध में अवगत कराया गया जिसके बाद रविवार को व्हीलचेयर दिव्यांक को दिया गया ।जिसमें प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष एवं वैद्यराज संघ जिला सचिव गरियाबंद यशवंत कुमार यादव,सरपंच ग्राम पंचायत मोहदा महेंद्र नागेश,युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष एवं पंच मोहदा नूतन मरकाम, कैंप प्रभारी धवलपुर थनवार सिंह ध्रुव,युवा कांग्रेस ग्राम सचिव मोहदा उमेश यादव,पंच प्रतिनिधि बसंत कुमार यादव,गुमान सिंह ठाकुर,हेमचंद मरकाम, रविशंकर दीवान, उपस्थित थे।

# संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा लगभग 13.50 करोड़ रुपए की लागत से विभिन्न सड़क निर्माण कार्य का किया गया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

सूरजुपर। संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा क्षेत्रवासियों को सौगात देते हुए लगभग 13.50 करोड़ों रुपए की लागत से विभिन्न सडक़ निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया।




ज्ञात हो कि संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा विगत दिनों किये गये जनसंपर्क के दौरान स्थानीय जनों द्वारा आवागमन की समस्या से अवगत कराते हुए सड़क निर्माण कार्य हेतु मांग किया गया था, जिस पर क्षेत्र के स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन मे संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े द्वारा उक्त मांगों से प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को अवगत कराते हुए सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृति हेतु मांग किया गया।

जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा सहमति प्रदान करते हुए स्वीकृति प्रदान की गई। उसी तारतम्य में आज संसदीय सचिव द्वारा लक्ष्मीपुर चौक से नया करकौली चौक तक, डुमरिया चौक से बुंदिया बाजार पारा चौक तक तथा लटोरी हाई स्कूल से भंडार पारा चौक तक लगभग 13.50 करोड़ रुपए की लागत से उपरोक्त सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। सडक़ों के बन जाने से स्थानीय जनों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गया प्रसाद राजवाड़े, लंकेश्वर सिंह, अनुज राजवाड़े जनपद सदस्य, लालजी राजवाड़े, कन्हैया सिंह सरपंच, हरि राजवाड़े, हीरा लाल राजवाड़े जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, सूरज गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्ष, सुलोचनी पैकरा जनपद पंचायत अध्यक्ष, जगलाल सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत सूरजपुर, नरेंद्र यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत सूरजपुर, मोती सिंह पूर्व सरपंच लक्ष्मीपुर, विनोद गुप्ता, हुलास राजवाड़े उप सरपंच बुन्दिया, मनमोहन राजवाड़े, अयोध्या प्रसाद जायसवाल, अर्जुन देवांगन, माखन जायसवाल, गोवर्धन सिंह व अन्य उपस्थित रहे। मांगों के पूर्ण हो जाने पर क्षेत्र के स्थानीय जनों द्वारा संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े का आभार व्यक्त किया गया।

# रेखचंद जैन ने एक करोड़ 52 लाख से अधिक के नल-जल योजना का भूमि-पूजन किया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव ( नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग ) रेखचंद जैन ने जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालीकोंटा,कोंडावल, एवं कोरपाल में 1 करोड़ 52 लाख 04 हजार रुपए के रेट्रोफिटिंग नल-जल योजनाओं का शिलान्यास किया। ग्राम पंचायत बालीकोंटा में 42.56 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नल जल योजना के तहत क्लोरीनेशन कक्ष, बाउंड्री वॉल, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 918 मीटर जिससे की 295 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी ग्राम पंचायत कोंडावल के ग्राम बालीकोंटा में 59.89 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नल जल योजना के तहत पावर पंप 1 नग क्लोरिनेशन कक्ष, बाउंड्री वॉल ,टंकी निर्माण 40 किलो लीटर पाइप लाइन बिछाने का काम 4110 मीटर जिससे की 158 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी ग्राम पंचायत तुसैल के ग्राम कोरपाल में 49.59 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले नल जल योजना के तहत पावर पंप 3 नग सोलर पंप 1 नग , पाइप लाइन बिछाने का काम 5580 मीटर जिससे की 138 घरों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी के रेट्रोफिटिंग नल-जल योजनाओं के कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा अनुरूप हर ग्राम पंचायत के हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है जल ही जीवन है और शुद्ध पेयजल हर नागरिक का मौलिक अधिकार है लेकिन पिछले सरकार में शुद्ध पेयजल आपूर्ति केवल शहरी क्षेत्रों में ही होती थी अब हमारी सरकार में हर घर तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मुहिम छेड़ दी गई है और आगामी वर्ष तक हर घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी इस मामले में हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की स्पष्ट सोच है इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हेमु उपाध्याय ब्लाक अध्यक्ष विरेन्द्र साहनी सरपंच संघ के संभागीय अध्यक्ष लैखन बघेल,इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह, सांसद प्रतिनिधि धनुर्जय दास, जल जीवन मिशन के सहायक अभियंता जैन सहित कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम की हुई शुरुआत

**गरियाबंद।** नगर के कान्हा क्लब परिसर में रविवार सुबह अरुणोदय के साथ ही खिलाड़ियों ने स्वर्णिम भारत महोत्सव का आग़ाज़ करते हुए सूर्यनमस्कार किया इस कार्यक्रम में कान्हा क्लब के कोच जीडी उपासने के मार्गदर्शन में सभी खिलाड़ियों को शूर्यनमस्कार कराया ।उल्लेखनीय है की देश की स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगाँठ पर 75 सप्ताह पूर्व आजादी का अमृत महोत्सव शुरू होने जा रहा है। पूरे देश में यह महोत्सव मनाया जाएगा। इसके लिए हर राज्य ने अपने-अपने स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं।



















# उद्योगों और बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को रोजगार के लिए किया जाए तैयारः भूपेश बघेल

छत्तीसगढ़ के उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार और नए उत्पादों के निर्माण के लिए दिया जाए शोध कार्यों को प्रोत्साहन

## मुख्यमंत्री ने राजधानी में किया छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यालय का शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन की प्रथम बैठक में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि उद्योगों और बाजार की मांग के अनुसार युवाओं को रोजगार के लिए तैयार किया जाए, उन्हें प्रशिक्षण देकर विभिन्न ट्रेडों में दक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित रूरल इंडस्ट्रियल पार्क में बाजार की मांग के अनुसार उत्पादन किया जाए। इन उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और सर्टिफिकेशन के लिए छत्तीसगढ़ में स्थित उच्च तकनीकी संस्थानों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि नए स्टार्टअप के लिए बेहतर इको-सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।



मुख्यमंत्री बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित की गई बैठक में रोजगार मिशन के स्वरूप, कार्यप्रणाली के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने रोजगार के नए अवसरों के सृजन की दिशा में तेजी से काम करने और नियमित रूप से रोजगार मिशन के कार्यों की समीक्षा के निर्देश दिए। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में आगामी पांच वर्षों में रोजगार के 12 से 15 लाख नये अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन का गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के राज्य स्तरीय कार्यालय का राजधानी रायपुर में शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर उच्च शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के कार्यकारी अध्यक्ष उमेश पटेल, मुख्य सचिव एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के उपाध्यक्ष अमिताभ जैन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से यह भी कहा कि शहरी क्षेत्रों के बाजारों में यह सर्वे कराया जाए कि किन उत्पादों की अच्छी खपत है। सर्वे के आधार पर ऐसे उत्पादों का गौठानों में विकसित हो रहे रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क में उत्पादन कराया जाए। दुकानों से आर्डर लेकर सप्लाई की जाए। इस कार्य में स्थानीय लोगों को जोड़ा जाए। श्री बघेल ने कहा कि प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ईगिरी जैसे छोटे-छोटे काम करने वाले लोगों को आसानी से रोजगार मिल सके इसके लिए पूर्व में तैयार किए गए पोर्टल को पुन: सक्रिय किया जाए। शहरी क्षेत्र में इन कार्यों की बड़ी मांग है। लोगों को इन कामों के लिए लोग नहीं मिलते हैं।

प्रमुख सचिव कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा, रोजगार एवं छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आलोक शुक्ला ने बैठक में छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन पर प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र की प्रगति, गौठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क, गोधन न्याय योजना, लघु वनोपजों के संग्रहण और वेल्यू एडिशन से रोजगार के अवसर बड़े पैमाने पर निर्मित हुए हैं। शासकीय और निजी क्षेत्र में भी लोगों को बड़ी संख्या में रोजगार मिला है। जिसके परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी की दर घटकर मात्र 2.1 प्रतिशत रह गई है।

डॉ. शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन रोजगार से संबंधित विभिन्न विभागों पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, कृषि, मत्स्य पालन, हार्टीकल्चर, वन, उद्योग, ग्रामोद्योग, नगरीय प्रशासन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, कौशल विकास कार्यक्रम, गौठान, गोधन न्याय योजना, बाड़ी योजना और टी-कॉफी बोर्ड के कार्यों के मध्य समन्वय स्थापित करेगा। उन्होंने ने बताया कि मिशन रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण, सेवा तथा उत्पादन क्षेत्रों में ब्रांडिंग और मार्केटिंग, निजी कम्पनियों के साथ सहयोग कर रोजगार के बेहतर अवसरों के निर्माण के दिशा में काम करेगा। मिशन द्वारा छत्तीसगढ़ के बेहतर उत्पादों और सेवाओं के संबंध में शोध को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ स्टार्टअप के लिए बेहतर इको-सिस्टम निर्मित करने में सहयोग करेगा। प्रस्तुतिकरण के दौरान यह भी जानकारी दी गई कि रोजगार के नए अवसरों को निर्मित करने के लिए इको-पर्यटन, एडवेंचर पर्यटन, होम-स्टे, फूड प्रोसेसिंग, वनौषधि, हस्तशिल्प और कोसा और रेशम का बेहतर मार्केट बनाने के लिए काम करेगा।

बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, वित्त सचिव अलरमेलमंगई डी.,मुख्यमंत्री के सचिव द्वय श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, डॉ एस. भारती दासन, संचालक उद्योग अनिल टुटेजा, आईआईएम रायपुर के डायरेक्टर भारत भास्कर, आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर रजत मूना, ट्रिपल आईआईटी नवा रायपुर के डायरेक्टर प्रदीप कुमार सिन्हा, एनआईटी रायपुर के प्रोफेसर मनोज कुमार, मुख्यमंत्री की उप सचिव सुश्री सौम्या चौरसिया भी उपस्थित थी।

### आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी और एनआईटी से लिया जाएगा सहयोग

मुख्यमंत्री ने आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईआईटी और एनआईटी के डायरेक्टरों से भी रोजगार सृजन के संबंध में सुझाव लिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों के उत्पादों के सर्टिफिकेशन और मानकीकरण के लिए उच्च शैक्षणिक संस्थान आगे आए। उन्होंने इन संस्थानों से नए स्टार्टअप के साथ ही देश की प्रतिष्ठित कम्पनियों को छत्तीसगढ़ लाने में सहयोग का आग्रह किया। इन कम्पनियों के आने से छत्तीसगढ़ के उच्च शिक्षित युवाओं के लिए राज्य में ही अच्छे अवसर निर्मित होंगे।

### जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण देकर युवाओं का किया जाए कौशल उन्नयन

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय उद्योगों की जरूरतों के अनुसार युवाओं को विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण देकर उनका कौशल उन्नयन किया जाए, इससे युवाओं को उद्योगों में आसानी से नियोजित किया जा सकता है। इसी प्रकार जिन क्षेत्रों में नए उद्योग लगने हैं वहां उद्योग लगने के पूर्व उस क्षेत्र के युवाओं का सर्वे कर उनकी शैक्षणिक योग्यता और आने वाले उद्योगों के जरूरतों के मुताबिक कौशल उन्नयन कराया जाए। जिससे स्थानीय युवाओं को इन उद्योगों में रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में नए उद्योग लगने हैं उन क्षेत्रों में युवाओं का सर्वे कलेक्टरों के माध्यम से किया जाएगा। युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुसार विभिन्न टेड्रों में आईटीआई, लाईवलीहुड कॉलेज आदि में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

## खास खबर

### हृदय रोग के उपचार में आंबेडकर अस्पताल का देश में पांचवां स्थान

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के डा. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट (एसीआई) को हृदय रोग के उपचार में नई उपलब्धि हासिल की है। एसीआइ में ईलेक्ट्रोफिजियोलाजी माध्यम से हृदय रोग के उपचार में कुल 22 केस का राष्ट्रीय स्तर पर पांचवा स्थान मिला है। चिकित्सकों ने बताया कि एसीआइ में ईलेक्ट्रोफिजियोलाजी इलेक्ट्रो प्रक्रिया से हृदयस रोगियों के लिए इलाज के लिए 3डी-ईपीएस (ईलेक्ट्रोफिजियोलाजी मैपिंग मशीन) का उपयोग किया जा रहा है। इस मशीन के माध्यम से 14 घंटे तक चलने वाली हृदय की सर्जरी महज दो घंटे में हो जाते हैं। यह ईलेक्ट्रोफिजियोलाजी में मैपिंग के लिए उपयोगी अत्याधुनिक मशीन जम्मू कश्मीर, लखनऊ के बाद देश की तीसरी अत्याधुनिक मशीन एसीआई में है। इस मशीन का उपयोग कर सामान्य हृदय गति समस्या के साथ ही उन जटिल समस्याओं का निदान भी चिकित्सकों द्वारा किया गया है, जोकि देश के चुनिंदा अस्पतालों में ही संभव हो पाता है। चिकित्सकों ने बताया कि ईलेक्ट्रोफिजियोलाजी इलेक्ट्रो में शरीर के कोशिकाओं व ऊतकों के साथ बिजली के संपर्क के तरीके का अध्ययन किया जाता है। हृदय के अंदर स्थित इन धमनियां आदि में जब किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तब हृदय की धड़कन बहुत तेज है या बहुत धीमी हो जाती है। इसी समस्या के उपचार के लिए एसीआई में सबसे पहले समस्या का पता लगाकर उसका नक्शा बनाया जाता है।

### मंत्री अनिला भेंड़िया ने राष्ट्रीय बालिका दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंड़िया ने सभी बालिकाओं को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि बालिकाओं की मूल सुविधाओं, सम्मान और आजादी के प्रति लोगों को जागरूक करने और उनके प्रति भेदभाव को समाप्त करने के उद्देश्य से हर साल राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बालिकाओं के लिए अनुकूल वातावरण और नए अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के लिए प्राथमिकता से काम किया जा रहा है। श्रीमती भेंड़िया ने कहा कि परिवार और समाज को भी बेटियों के साथ मजबूती से खड़े रहने की जरूरत है।

### रेल यात्रियों को मिलने लगी एमएसटी की सुविधा एक्सप्रेस में लागू नहीं

**रायपुर ( ए )।** कोरोना संकट के नाम पर पिछले करीब दो साल से रेलवे ने मासिक पास(एमएसटी) बंद कर रखा था, इसकी वजह से यात्रियों की जेब ढीली हो रही थी। मासिक पास की सुविधा बंद होने से इसका लाभ उठा रहे रायपुर रेल मंडल के करीह छह हजार यात्रियों को हर महीने 16 सौ रुपये अधिक खर्च कर ट्रेनों में सफर करने को मजबूर होना पड़ रहा था,लेकिन रविवार से दैनिक रेल यात्रियों को इससे राहत मिल गई ।रेलवे बोर्ड के आदेश पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन ने 22 महीने से बंद एमएसटी (मासिक सीजन टिकट) की सुविधा को शुरू कर दिया है। पहले दिन रायपुर रेलवे स्टेशन से 16 यात्रियों ने एमएसटी का लाभा उठाया ।बोर्ड ने दो दिन पहले रायपुर समेत तीनों रेल मंडल बिलासपुर और नागपुर के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक को एमएसटी की सुविधा शुरू करने आदेश दिया था।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि कमर्शियल आफिसर रेलवे जोन बिलासपुर कार्यालय से जारी आदेश में जोन क्षेत्र में एमएसटी जारी करने के लिए कहा गया है। एमएसटी अनारक्षित श्रेणी की ट्रेनों के लिए ही लागू होगा ।आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि यात्रियों को मेल और एक्सप्रेस के भाड़े की दर के अनुसार एमएसटी का किराया देना होगा। इससे यह साफ है एमएसटी सिर्फ लोकल ट्रेनों के लिए जारी किया गया है। इसकी वजह जोन की सारी ट्रेनें रिजर्वेशन आधारित चल रही है। यूटीएस के मेल और एक्सप्रेस की टिकट जारी किए जाते हैं,लेकिन ट्रेन में इन्हें मान्य नहीं किया जाता। आदेश में रेलवे प्रशासन ने यह साफ नहीं किया है कि मासिक सीजन टिकट सुपरफास्ट ट्रेनों में लागू होगा या नहीं। रेलवे ने अपने आदेश में स्पष्ट जरूर किया है कि एमएसटी का भाड़ा मेल और एक्सप्रेस के अनुसार होगा, लेकिन टिकट अनारक्षित ट्रेनों के लिए मान्य नही होगी।

## राष्ट्रीय बालिका दिवसः अपने हुनर से बालिकाएं लिख रही हैं कामयाबी की इबारत

**रायपुर ( ए )।** सफलता शार्टकट से नहीं मिलती है। छत्तीसगढ़ में आज कई बेटियां है कितने भी संघर्ष के दिन आएं, लेकिन पीछे कदम नहीं हटाती है। कोई किसी अपनी हुनर से अन्य बालिकाएं को स्वावलंबी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। तो कोई अपनी कथक नृत्य और मर्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे रही है। आज 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर कुछ ऐसी कहानियां आपके सामने हैं, जिन्होंने हुनर से कामयाबी की इबारत लिख रहीं है।



### पराली से कलाकृतियां, प्रदेश को पहचान दिलाने में संघर्षरत हर्षा

मंदिर हसौद की हर्षा वर्मा पराली से कलाकृतियां बनाकर प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना रही है। वर्षा पैरा का उपयोग कर सुंदर-सुंदर कलाकृतियों का निर्माण किया है। वे अब तक महापुरुषों और छत्तीसगढ़ महतारी की पेटिंग तैयार कर चुकी है। वहीं वर्षा द्वारा बनाई गई चित्रकारी गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज की हुई है। वर्षा ने बताया कि पैरा आर्ट प्रदेश नहीं बल्कि देश के लिए अनोखा है।

यहीं कारण इस कलाकृतियां को आगे बढ़ाने के लिए वे संघर्षरत है। हर्षा अभी अपने साथ लड़कियों को पैरा आर्ट सिखा रही है। उन्होंने बताया कि पेंटिंग तैयार करने में धैर्य और एकाग्रता की जरूरत होती है। घंटों बैठने के बाद एक पेंटिंग तैयार होती है। वहीं ऐसी भी पेंटिंग है जिसे बनाने में कई दिन लग गए। मालूम हो कि प्रदेश को धान का कटोरा कहा जाता है। यहां कई किस्में की धान की पैदावार है। ऐसे में पैरा (पराली) से अलग पहचान दिलाने में हर्षा जुटी हुई है।

### कथक नृत्य के साथ कानून संबंधित जानकारी

हेमल शर्मा की कथक नृत्य में अलग ही पहचान है। कथक नृत्य के साथ वे बालिकाओं को कानून संबंधित जानकारी नि:शुल्क दे रही है। हेमल ने बताया कि कथक नृत्य की प्रस्तुति देश के अलग-अलग हिस्सों में दे चुकी है। हेमल का बचपन से नृत्य की तरफ रुझान रहा है। इसी कारण तीसरी कक्षा में उसके माता-पिता ने कमला देवी संगीत महाविद्यालय में कत्थक नृत्य सिखने के लिए प्रवेश करा दिया और हेमल ने कत्थक में डिप्लोमा लिया।

इसके बाद कानून की पढ़ाई की है। मालूम हो कि 2011 में राजनांदगांव में पंडित बिरजू महाराज की कार्यशाला में कत्थक नृत्य की बारिकिया सिखने राज्यों से लोगों ने आडिशन दिया, जिसमें हेमल का चयन हुआ। इसके बाद हेमल पंडित बिरजू महाराज के मार्गदर्शन में कत्थक सिखी। वहीं हेमल फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड निवासी सोनल राजेश शर्मा की पुत्री है।


### सालभर में मार्शल आर्ट 150 से अधिक महिलाओं और युवतियों को प्रशिक्षण

राजधानी रायपुर की अंजना वर्मा 2021 से मार्शल आर्ट के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण दे रही है। वे अभी आदिशक्ति नारी उन्नयन संस्था बनाकर सालभर में ही 150 से अधिक महिलाओं और युवतियों ने प्रशिक्षण दे चुकी है। अंजना ने बताया कि संस्थान द्वारा मार्शल आर्ट, योग, समय प्रबंधन, भगवत गीता, कैरियर गाइडेंस आदि प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उनका कहना है कि इससे महिलाओं और युवतियों में ना सिर्फ शारीरिक क्षमता का विकास हुआ है, बल्कि मानसिक रूप से भी वे सशक्त बनी है। वहीं संस्था में मार्शल आर्ट के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अमन यादव प्रशिक्षण दे रहे है। संस्था की प्रदेश अध्यक्ष अंजना वर्मा ने बताया कि स्कूल गेम में संस्था में प्रशिक्षण ले रहे बालिकाओं ने स्कूल गेम्स में कुल आठ पदक अपने नाम किया, जिसमें दो गोल्ड, चार सिल्वर और दो ब्राउन मेडल शामिल है।

## हवा हुई 11 गुना जहरीली तो डेढ़ गुना बढ़े सांस के मरीज

**रायपुर ( ए )।** राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र (एसएचआरसी) के अध्ययन में रायपुर में प्रदूषण का स्तर राष्ट्रीय मानक स्तर से 11 गुना तो कोरबा में 28 गुना बढ़ने की बात सामने आई है। इधर अस्पतालों में फेफड़ों व सांस के रोगियों की संख्या भी डेढ़ गुना अधिक हो गई है।



राज्य के सबसे बड़े डा. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल छाती रोग विभाग की ओपीडी में दो वर्ष पूर्व हर माह औसतन 400 मरीज सांस व फेफड़ों से संबंधित समस्या लेकर आते थे। इन आंकड़ों में 25 से 30 फीसद मरीजों में सिर्फ प्रदूषण की वजह से समस्याएं सामने आई थी। अब सांस और फेफड़ों की समस्या लेकर हर माह औसतन 600 (नान कोविड) मरीज आ रहे हैं।

इसमें 40 फीसद से अधिक मरीजों में प्रदूषण की वजह से समस्याएं आ रही। राज्य स्वास्थ्य संसाधन केंद्र की अध्ययनकर्ता डाक्टर पुनीता कुमार ने बताया कि इन क्षेत्रों में पीएम (पर्टिकुलेट मैटर) 2.5 माइक्रो मीटर का स्तर पाया गया है, जो बाल की चौड़ाई से 100 गुना छोटे होते हैं। और सांस के जरिए फेफड़ों तक पहुंचकर नुकसान पहुंचाते हैं। प्रदूषण का स्तर मानक राष्ट्रीय मानक स्तर 60 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर (60 यूजी/एम3 ) की तुलना में कोरबा में 28 गुना और रायपुर में लगभग 11 गुना ज्यादा है।

### हवा फेफड़ों को कर रहा खराब

एसएचआरसी की रिपोर्ट में बताया हवा के नमूनों में पीएम 2.5 आना चिंताजनक माना गया है। वहीं हवा में मैंगनीज, सीसा व निकल मानकों से अधिक पाए जाने से वातावरण में हानिकारक असर डाल रहे हैं, जो चिंता का एक वास्तविक कारण है। रायपुर व कोरबा के हवा में क्रिस्टलीय सिलिका का स्तर काफी ऊंचा है। यह कोयला राख व निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले रेत दोनों में क्रिस्टलीय सिलिका के उच्च स्तर होते हैं। सिलिका के संपर्क से सिलिकोसिस नामक फेफड़ों की बीमारी होती है। आम तौर पर श्रमिक व स्थानीय आबादी जो लंबे समय तक सिलिका के संपर्क में रहते हैं, उन्हें सांस, फेफड़े की समस्या, कैंसर, गुर्दे, हृदय की बीमारियां व मांसपेशियों से जुड़ी समस्याएं सामने आ रही है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान





















## विक्की-सारा ने शेयर की एमपी में नर्मदा नदी विजिट की फोटोज

एक्टर विक्की कौशल और सारा अली खान ने अपनी अपकमिंग अनटाइटल्ड फिल्म के इंदौर शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। अब हाल ही में विक्की-सारा दोनों ने एमपी में नर्मदा नदी विजिट की अपनी कुछ फोटोज सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की हैं। इन फोटोज में सारा बोट में बैठे और विक्की नदी किनारे बैठे नजर आ रहे हैं।

फोटो शेयर कर विक्की ने लिखा, हर हर नर्मदे। रविवार को एक्टर शारिब हाशमी ने फिल्म के सेट से सारा-विक्की और टीम की कुछ फोटोज शेयर कर एमपी के इंदौर शेड्यूल की शूटिंग खत्म होने की जानकारी दी थी। इस फिल्म में विक्की-सारा की जोड़ी पहली बार स्क्रीन पर नजर आने वाली है। डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में विक्की-सारा के अलावा शारिब हाशमी भी लीड रोल में नजर आने वाले हैं।

## सुष्मिता सेन के एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन ने लाइफ के लो प्वॉइंट पर शेयर किया पोस्ट

मॉडल और एक्ट्रेस सुष्मिता सेन के एक्स बॉयफ्रेंड रोहमन शॉल ने सोशल मीडिया में एक पोस्ट शेयर की है। रोहमन ने यह पोस्ट अपने लो प्वॉइंट को लेकर शेयर किया है। इसमें वह सनसेट को भी इंज्वॉय करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, डूबते हुए सूरज ने मुझे एहसास कराया, अगर आप अपनी लाइफ के लो प्वाइंट में हैं तो तो सुनिश्चित करें कि उतार इतना सुंदर हो कि लोगों देख कर एक बार फिर उठने की कोशिश करें। पिछले साल दिसंबर में सुष्मिता और रोहमन ने अपनी तीन साल की रिलेशनशिप को खत्म कर अलग हो गए थे।

# अगर कभी फिल्म 'ताल' का रीमेक बनेगा, तो उसमें ऐश्वर्या राय का कैरेक्टर निभाना चाहूंगीः बरखा सिंह

'हाउस अरेस्ट', 'साइलेंस', 'कैन यू हेयर इट?', 'मर्डर मेरी जान' जैसी फिल्में कर चुकीं बरखा सिंह की फिल्म '36 फार्महाउस' ओटीटी प्लेटफॉर्म जी-5 पर रिलीज हो चुकी है। बरखा सिंह ने '36 फार्महाउस' और अपने करियर से जुड़ी कुछ बातें शेयर की हैं।

### नए साल की शुरुआत सुभाष घई की फिल्म के साथ कर रही हैं, नए साल को कैसे देखती हैं?

बहुत एक्साइटेड हूं, खुशी हो रही है, क्योंकि सुभाष घई की फिल्में देखकर बड़ी हुई हूं। अब उनकी फिल्म में बतौर एक्टर शामिल हुई हूं तो मजा ही आ गया। इसकी शूटिंग वगैरह करते हुए भी और नए साल पर रिलीज हो रही है, तब भी बड़ी खुशी हो रही है।

### सुभाष घई की कौन-सी रीमेक फिल्म करना चाहेंगी और क्यों?

फिल्म ताल, क्योंकि उस फिल्म में उन्होंने ऐश्वर्या राय से जो कराया है, उनका कैरेक्टर जिस तरह से ट्रांजिशन हुआ है, वह बहुत सिंपल परफॉर्मर लगता है। अगर ताल रीमेक होगी, तब उसमें ऐश्वर्या राय का कैरेक्टर निभाना चाहूंगी।

### आखिर इस फिल्म से जुड़ना कैसे हुआ?

मैं भोपाल में मर्डर मेरी जान की शूटिंग कर रही थी, तब मुक्ता आर्ट्स से फोन आया। वे कहने लगीं- मैं मुक्ता आर्ट्स से बोल रही हूं। सुभाष घई सर अपनी एक फिल्म के रिलेटेड आपके साथ मीटिंग करना चाहते हैं। क्या आप ऑफिस आ सकती हैं? मैंने कहा- नहीं। मैं तो भोपाल में शूट कर रही हूं। लेकिन यह बातचीत होने के बाद मुझे लगा कि प्रैंक कॉल है। कोई मुझे उल्लू बना रहा है। इसलिए फर्स्ट कॉल को ज्यादा सीरियस नहीं लिया। लेकिन उन्होंने फॉलोअप लिया, तब सीरियस हुई और सुभाष घई के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत हुई। मुंबई आई, तब उनसे मिलने गई। सारी बातचीत होने के बाद इस प्रोजेक्ट से जुड़ गई। लेकिन पहली कॉल पर तो विश्वास ही नहीं हुआ था, क्योंकि सरप्राइज होने वाली बात थी।

### फिल्म में कई कैरेक्टर हैं, आपका किरदार क्या है और कितना स्पेस मिला है?

मेरे किरदार का नाम अंतरा है। 36 फार्महाउस की ओनर पद्मिनी मेरी नानी हैं। अंतरा बहुत स्वीट-सी लड़की है। वह हर किसी में



अच्छाई ढूंढ़ने की कोशिश करती है। अंतरा रिच घर से बिलांग करती है, पर फैशन डिजाइनर है और अपने दम पर कुछ करने की कोशिश करती है। उसमें कई बार फेल भी होती है। फिल्म में दिखाया गया है कि लॉकडाउन चल रहा है। इस दौरान वह अपनी बुटिक बंद करके फार्महाउस आ जाती है, क्योंकि वह अपनी नानी के बहुत क्लोज है। वह अमीर-गरीब में भेदभाव करने वालों को रोकती है, क्योंकि उसका मानना है कि सब बराबर हैं। इस तरह सुलझी लड़की है। इस कैरेक्टर को पढ़कर मुझे प्यार हो गया, इसलिए इसे निभाने के लिए तैयार हुई। इस कैरेक्टर को जिस तरह से इमेजिन किया गया है, उस तरह से निभाने की कोशिश की है ताकि दर्शक अंतरा को देखें तो उन्हें भी उससे प्यार हो जाए। जितना स्पेस मिला है, उससे काफी खुश हूं।

### बरखा और अंतरा में क्या बातें मेल खाती हैं?

चीजों में अच्छाई ढूंढ़ना। आई थिंक, बुरी चीजों पर फोकस न करके अच्छी चीजों को ढूंढ़ने की कोशिश करती हूं। अंतरा बहुत स्वीट और इनोसेंट है, लेकिन बरखा मस्तीखोर है। इसलिए हम में ज्यादा सिमलैरिटी नहीं है। हां, सबसे अच्छे से बात करना और सबकी रिस्पेक्ट करना, लोगों में अच्छी चीजें ढूंढ़ने की हमेशा कोशिश करती हूं। मेरा मानना है कि बुराइयों पर फोकस करने पर खुद का ही दिमाग खराब होता है।

### कोरोना के समय '36 फार्महाउस' के सेट पर का माहौल कैसा था?

बहुत मजेदार माहौल रहा, क्योंकि हम एक्टर, प्रोड्यूसर, डायरेक्टर आदि सभी लोग लोनावाला स्थित एक ही होटल में रह रहे थे। वह पूरा होटल बुक किया गया था। होटल से थोड़ी दूर फार्महाउस में शूटिंग करने जाते थे। हम साथ में रहते थे, तब बहुत हंसी-मजाक चलता रहता था। कभी संजय मिश्रा अपने फॉर्महाउस पर सबको बुलाकर डिनर करवाते थे, कभी सुभाष घई सर अपने रूम में सबके लिए गेट-टु-गेदर कर देते थे तो कोई गाना गाता तो कोई स्टोरी शेयर करता था। अश्विनी मैम ने तो कई बार खाना बनाकर सबको खिलाया, क्योंकि उन्हें खाना बनाना पसंद है। बहुत स्वादिष्ट खाना बनाती हैं। एक दिन उन्हें पता चला कि मुझे बैगन बहुत पसंद है, तब बैगन की सब्जी बनाकर खिलाई। इस तरह खाना-खिलाना, हंसी-मजाक चलता रहता था।

### साल 2022 में कौन-कौन प्रोजेक्ट आएंगे?

यह साल मेरे लिए बहुत एक्साइटिंग ईयर है। बहुत सारी चीजें आएंगी। अभी तो 36 फॉर्म हाउस से शुरुआत हो रही है। मैंने वेब सीरीज और फिल्में, दोनों की हैं। लेकिन उसकी एनाउंसमेंट नहीं हुई है, इसलिए अभी उसके बारे में कुछ बोल नहीं सकती हूं। अगर मैंने अनाउंसमेंट किया, तब प्रॉब्लम में फंस जाऊंगी।

### क्या कभी रियल लाइफ में चोरी की है?

अपनी बड़ी बहन की कपाट खोलकर बहुत सारी चीजों की चोरी की हूं। उसके कपड़े, मेकअप आदि चुराती थी, लेकिन बाद में उसे पता चल जाता था कि मैंने चुराया है।

## विक्की कौशल की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सैम बहादुर' की शूटिंग इसी साल मार्च में होगी शुरू!

विक्की कौशल पिछले साल के सबसे पॉपुलर एक्टर्स में से एक थे. उन्होंने पिछले अपने करियर की सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस 'सरदार उधम' में दी जिसकी वजह से उन्हें खूब तारीफें मिली थी उसके बाद से विक्की, कैटरीना कैफ से शादी करके पिछले साल के सबसे चर्चित सितारे बन गए. शादी की व्यस्तताओं के बाद एक्टर अब अपने काम पर लौट आए हैं. उनकी कई फिल्में लाइन में लगी हुई हैं. हाल ही में पिंकविला में छपी के रिपोर्ट में ये बताया गया है कि विक्की अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सैम बहादुर' की शूटिंग इसी साल मार्च में शुरू लार सकते हैं. ये फिल्म मार्च में फ्लोर पर आ जाएगी. इस फिल्म को लेकर पिछले एक साल से बज बना हुआ है क्योंकि इसका फर्स्ट लुक सबको बहुत पसंद आया था.

पिछले साल इस फिल्म से जुड़ा एक फोटो शेयर किया गया था उस फोटो में विक्की कौशल अपने किरदार में नजर आ रहे थे. इस किरदार में दिखे विक्की का लुक खूब वायरल हुआ था. लोग इस फिल्म के लिए बेकरार हो गए थे लेकिन कोविड की वजह से इस फिल्म का शूट हर पर टाल दिया गया लेकिन अब इए फिल्म से जुड़ी बड़ी अपडेट आई है कि ये इसी साल मार्च में फ्लोर पर आ सकती है.

पिंकविला में छपी रिपोर्ट में मिड डे के हवाले से बताया गया है कि कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग मार्च शुरू होने वाली है इसमें विक्की कौशल की सैम बहादुर, नितेश तिवारी के निर्देशन में बनने वाली वरुण धवन की फिल्म और कार्तिक आर्यन की एक फिल्म शामिल है. इस सभी के साथ कई और प्रोजेक्ट मार्च के महीने में फ्लोर पर आ सकते हैं. सैम बहादुर को लेकर ना सिर्फ फैन बल्कि विक्की खुद बहुत उत्साहित हैं. ये उनके करियर के सबसे मुश्किल क़िरदारों में से एक होने वाला है.

## राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'बधाई दो' का पोस्टर हुआ रिलीज

राजकुमार राव और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'बधाई दो' का पोस्टर जारी कर दिया गया है. इस पोस्टर के साथ ये भी बताया गया है कि ये फिल्म सिनेमाघरों में ही रिलीज होगी. इस फिल्म के पोस्टर में राजकुमार राव एक पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आ रहे हैं जो सर पर दूल्हे का सेहरा पहने हुए है और भूमि पेडनेकर उनकी पत्नी के किरदार में दिखाई दे रही हैं. इस फिल्म के ट्रेलर के रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है. इसका ट्रेलर कल रिलीज किया जाएगा. इस फिल्म के दोनों स्टार्स ने अपने-अपने सोशल मीडिया अकाउंट से इस फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर बड़े ही मजेदार



कैप्शन के साथ शेयर किया है.

राजकुमार राव ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से 'बधाई' दो का पोस्टर शेयर करके जानकारी दी है कि इस फिल्म का ट्रेलर कल दर्शकों के बीच आएगा और ये फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर नहीं बल्कि सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस पोस्टर में दोनों कलाकार एक दूसरे का मुंह बंद कराते दिखाई दे रहे हैं. ये 2018 में आई आयुष्मान खुराना और सान्या मल्होत्रा की बधाई दो की सीक्वल है. उसमें इनदोनों के अलावा गजराज राव और नीना गुप्ता की सुपरहिट जोड़ी भी थी. उस फिल्म को अमित शर्मा ने डायरेक्ट किया था. ये उस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी. इसे दर्शकों का खूब प्यार मिला था.

# 'गहराइयां' इंडिया की पहली फिल्म है जिसमें इंटिमेट सीन के लिए कोऑर्डिनेटर का यूज हुआ हैः सिद्धांत चतुर्वेदी

'गली बॉय' फेम सिद्धांत चतुर्वेदी को पहली ही फिल्म से लगातार बड़े बैनर और बॉलीवुड के ए लिस्ट कलाकारों के साथ फिल्में मिल रही हैं। वैलेंटाइंस डे से ठीक पहले उनकी 'गहराइयां' आ रही है। इसमें वो दीपिका पादुकोण के साथ रोमांस करते नजर आएंगे। हालांकि फिल्म में ऑलरेडी उनकी सगाई अनन्या पांडे के किरदार से हो चुकी है।

### फिल्म में प्यार और बेवफाई का प्लॉट है। आप का क्या नजरिया बदला है इसको लेकर?

वो नजरिया तो खैर स्कूल, कॉलेज डेज और बदलते जमाने के साथ बदलता रहा है। अब हम डिजिटल ऐज में रह रहे हैं। उसके चलते भी प्यार-मोहब्बत सबका डेफिनेशन चेंज हो गया है। जब मैं जवान हो रहा था तो प्यार के प्रतीक शाहरुख सर थे। हमारी 'गहराइयां' इवॉल्व हो रहे जमाने में रिश्तों के बदलते मायनों के मद्देनजर आज की कहानी है। ऐसी कहानियों के बारे में महसूस जरूर किया था, लेकिन पर्दे पर अब तक नहीं देखा है। हमने एक नया स्टैंड लिया है। लिहाजा वैसी नर्वसनेस हो रही है, जैसी चांद पर कदम रखने वाले पहले एस्ट्रोनॉट की रही होगी।

### जब डिसाइड किया गया कि इसे ओटीटी पर रिलीज करनी है तो आपस में क्या बात हुई?

कुछ फिल्में ग्रुप के साथ एक्सपीरिएंस वाली होती हैं, जिन्हें आप सिनेमाघरों में देखते हैं। ये अकेले एक्सपीरिएंस करने वाली फिल्म है। जब आप इसे देखेंगे तो यह आप को अंदर से खींचेगी। यह बड़ी बारीकियों वाली फिल्म है। इसमें पूरा अटेंशन आपका वहीं रहने वाला है। आप इसे अकेले देखें या किसी के साथ, मगर इसे पूरा अटेंशन चाहिए। यह आपको पूरी तरह अपनी ओर खींच लेगी। यह बहुत लंबे समय तक रेलेवेंट रहने वाली है। वैसी नहीं कि आई और दो महीने में चली गई। यह फिल्म अगले दस सालों तक रेलेवेंट है, जब तक प्यार की नई परिभाषा नहीं आ जाती। इसे आप अपनी प्रेमिका के साथ से लेकर कभी कभार अकेले में भी देखना पसंद करेंगे। इस फिल्म से आप को क्या लेना है, वह आप पर निर्भर करेगा। वह हम



आप को नहीं बता रहे। इसे किसी जॉनर में भी नहीं डाल सकते। यह बेसिकली रिलेशनशिप ड्रामा है।

### आर्ट डायरेक्शन, कॉस्ट्यूम और कैमरा सेट-अप वाइज यह कितनी अलग फिल्म रही?

इसमें मुझे शूट के पहले चार दिन तो पता ही नहीं चला कि कैमरा भी सेट पर लगा हुआ है। जो कैमरामैन हैं, कौशल बहुत यंग और नया लड़का है। उन्होंने बहुत खूब काम किया है। गहराइयां से वह ऊचाइयों को छूने वाला है। डायरेक्टर शकुन ने हमें पता ही नहीं चलने दिया कि कैमरा हमारे अराउंड किधर लगाया गया है। अमूमन सेट पर जरा शोर शराबा रहता है। यहां बहुत सन्नाटा रहा करता था। इस सेटअप में फायदा रहा कि हम अपनी लाइनें बोलते रहते थे और कैमरा अपने हिसाब से हमारे मूवमेंट कैप्चर कर लिया करता था। कॉस्ट्यूम डिजाइन तो अनायता श्रॉफ अदजानिया ने की है। हम दोनों का स्टाइल बहुत सिमिलर है और वह मैच हो गया। वो भी बहुत भड़कीले मेकअप वाले कॉस्ट्यूम नहीं रखतीं। वह बहुत महंगे कपड़े यूज नहीं करतीं। उन्हीं से हमारे किरदार निखर कर सामने आ गए।

### 'बंटी और बबली-2' को जैसा रिस्पॉन्स मिला, उस पर आपका रिएक्शन?

बतौर एक्टर मेरा काम वैरायटी फिल्में करना है। मैं यूपी से हूं, मुझे उस टाइप की फिल्म करनी थी। वो मैंने की, मुझे बहुत मजा आया। शायद लोग थिएटरों में नहीं जा पाए। पर अब वह फिल्म भी प्राइम वीडियो पर है। वह फिल्म बनी थी फैमिली के लिए, पर शायद वह जा नहीं पाई। अब ओटीटी पर देख लोग उसे एप्रिशिएट तो कर रहे हैं। वह मौज मस्ती, कॉमेडी वाली फिल्म थी। 'गहराइयां' बिल्कुल कंफर्ट जोन से बाहर की फिल्म है।

### इसमें इंटिमेट सीन्स भी हैं। इमरान ने बताया था कि उनकी फिल्मों में ये सीन करने से पहले सेट पर माउथ फ्रेशनर वगैरह के इंतजाम रहते थे। यहां क्या कुछ था सेट पर?

ये तो इमरान सर से बेटर कोई नहीं बता सकता। वो ट्रेंडसेटर हैं। मैं तो वैसे सीन में काफी नर्वस हो जाया करता था। यह इंडिया की पहली ऐसी फिल्म है, जिसमें इंटिमेसी सीन फिल्माने के लिए इंटिमेसी सीन को-ऑर्डिनेटर यूज हुए हैं। उन्होंने हमारे साथ काफी वर्कशॉप किए थे।


विज्ञापन के लिए संपर्क करें :-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जीन्स
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

लिजना स्पोर्ट्स वियर
हमारे यहां सुपरपॉली, कसरा, ड्राईफिट, एन.एस लायकरा आदि कपड़ों के लोवर, चड्डा, बनाये जाते है, एवं स्पोर्ट्स की टी-शर्ट होलसेल रेट में बनाए जाते हैं
संबंधित संस्थान
New J.P. Sports
Shop No. E-20, Circular Market, Camp-2, Bhilai
Mo. Lovely: 9993338252, 9300878988

श्रीराम कलेक्शन
बच्चों के आकर्षक रेडिमेड वस्त्रों के विक्रेता
जवाहर मार्केट केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई
789805563, 9827178585

श्री सांई जींस कॉर्नर
ओम सांई कलेक्शन
■ मेन्स वेयर ■ किड्स वेयर
■ लेडिस वेयर ■ वेडिंग कलेक्शन
9827115003, 9806303000
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

रामजाने स्वादिष्ट चाट भंडार
शादी एवं पार्टी में ऑर्डर लिया जाता है
संपर्क करें : 8871247959

नाकोड़ा साड़ी सेंटर
एक्सक्लूसिव साड़ी शोरूम
फैंसी साड़ी, वैवाहिक साड़ियां डिज़ाईनर साड़ियां एवं सलवार सूट, लांचा
जवाहर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइज़ेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

## खास खबर

### नारायणपुर को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली बंद सड़क निर्माण पुनः प्रारंभ हुआ

**नारायणपुर।** जिले के थाना सोनपुर अंतर्गत बंद पड़े सोनपुर से डोण्डरीबेडा तक निर्माणाधीन सड़क निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराते हुए एसपी नारायणपुर गिरिजा शंकर जायसवाल ने लाभान्वित ग्राम डोण्डरीबेडा, डोण्डरपुर, मसपुर और गारपा में चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान जायसवाल ने सोनपुर के अंदरूनी ग्राम डोण्डरीबेडा, डोण्डरपुर, मसपुर और गारपा के ग्रामीणों से मिलकर उनकी कुशलक्षेम जाना तथा पुलिस-प्रशासन के कार्यों से अवगत कराते हुए ग्रामीणों को उनके अधिकारों से अवगत कराया। एसपी नारायणपुर गिरिजा शंकर जायसवाल ने बताया कि जिला नारायणपुर को महाराष्ट्र से जोड़ने वाली सड़क, सोनपुर-से-डोण्डरीबेडा तक के रूके हुए निर्माण कार्य को पुनः प्रारंभ कराया गया है। इस सड़क के निर्माण हो जाने से सोनपुर क्षेत्रांतर्गत सैकड़ो गांव के हजारों लोग लाभान्वित होंगे, अब यहां के बच्चे अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे तथा बिमारी होने पर इलाज के अभाव में लोगों की जानें नही जाएगी। जिन ग्रामीणों को वनोपज विक्रय के लिए सोनपुर जाने-आने में असुविधा होती थी वे अब न सिर्फ सोनपुर और नारायणपुर वरन महाराष्ट्र में भी व्यापारिक संबंध स्थापित कर सकेंगे। जायसवाल की सोनपुर प्रवास के दौरान उनके साथ उप पुलिस अधीक्षक अनुज कुमार, एसडीओपी, नारायणपुर लोकेश बंसल एवं निरीक्षक मालिक राम केंवट एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### टीचर्स एसोसिएशन में चंद्रा को जिम्मेदारी

**कोरबा।** जिला में शिक्षक हितार्थ एवं संघीय कार्य करने हेतु छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने नरेंद्र चंद्रा को कार्यकारी जिलाध्यक्ष की बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मनोज चौबे ने शिक्षक हितार्थ, संघीय कार्य एवं संघ को मजबूत करने के उद्देश्य से कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त करने हेतु ऑनलाइन कार्यवाही शुरू किया। जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने नरेंद्र चंद्रा का नाम प्रस्तावित किया। प्रदेश पदाधिकारी प्रमोद सिंह राजपूत, कन्हैया लाल देवांगन जिला पदाधिकारी अशोक भारद्वाज, जय कमल आदि ने समर्थन किया। तत्पश्चात संघ के जिलाध्यक्ष मनोज चौबे ने कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष और बिलासपुर संभाग प्रभारी बसंत चतुर्वेदी से अनुमोदन करा कर नरेंद्र चंद्रा को कोरबा जिले का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। ब्लॉक अध्यक्षगण उपेंद्र राठौर, राम शेखर पांडे, महावीर चंद्रा, चंद्रिका पांडे, वेदव्रत शर्मा, जिला पदाधिकारी बुद्धेश्वर सोनवानी, मनोज लोहानी, रामनारायण रविंद्र, श्रीमती माया छतरी, श्रीमती मधुलिका दुबे, बसंत मिरी, शिव साहू आदि ने बधाई दी है।

# भारत दुनिया में ककड़ी और खीरे का सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली। भारत दुनिया में खीरे का सबसे बड़ा निर्यातक बनकर उभरा है। भारत ने अप्रैल-अक्टूबर (2020-21) के दौरान 114 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्य के साथ 1,23,846 मीट्रिक टन ककड़ी और खीरे का निर्यात किया है। भारत ने पिछले वित्तीय वर्ष में कृषि प्रसंस्कृत उत्पाद के निर्यात का 200 मिलियन अमरीकी डालर का आंकड़ा पार कर लिया है, इसे खीरे के अचार बनाने के तौर पर वैश्विक स्तर पर गेरकिंस या कॉर्निचन्स के रूप में जाना जाता है।**



2020-21 में, भारत ने 223 मिलियन अमरीकी डालर के मूल्य के साथ 2,23,515 मीट्रिक टन ककड़ी और खीरे का निर्यात किया था। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत वाणिज्य विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) ने बुनियादी ढांचे के विकास, वैश्विक बाजार में उत्पाद को बढ़ावा देने और प्रसंस्करण इकाइयों में खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली के पालन में कई पहल की हैं। खीरे को दो श्रेणियों ककड़ी और खीरे के तहत निर्यात किया जाता है जिन्हें सिरका या एसिटिक एसिड के माध्यम से तैयार और संरक्षित किया जाता है, ककड़ी और खीरे को अनंतिम रूप से संरक्षित किया जाता है।

खीरे की खेती, प्रसंस्करण और निर्यात की शुरूआत भारत में 1990 के दशक में कर्नाटक में एक छोटे से स्तर के साथ हुई थी और बाद में इसका शुभारंभ पड़ोसी राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में भी हुआ। विश्व की खीरा आवश्यकता का लगभग 15त्न उत्पादन भारत में होता है।

खीरे को वर्तमान में 20 से अधिक देशों को निर्यात किया जाता है, जिसमें प्रमुख गंतव्य उत्तरी अमेरिका, यूरोपीय देश और महासागरीय देश जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, दक्षिण कोरिया, कनाडा, जापान, बेल्जियम, रूस, चीन, श्रीलंका और इजराइल हैं।

अपनी निर्यात क्षमता के अलावा, खीरा उद्योग ग्रामीण रोजगार के सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत में, अनुबंध खेती के तहत लगभग 90,000 छोटे और सीमांत किसानों द्वारा 65,000 एकड़ के वार्षिक उत्पादन क्षेत्र के साथ खीरे की खेती की जाती है। प्रसंस्कृत खीरे को औद्योगिक कच्चे माल के रूप में और खाने के लिए तैयार करके जारों में थोक में निर्यात किया जाता है। थोक उत्पादन के मामले में एक उच्च प्रतिशत का अभी भी खीरा बाजार पर कब्जा है। भारत में ड्रम और रेडी-टू-ईट उपभोक्ता पैक में खीरा का उत्पादन और निर्यात करने वाली लगभग 51 प्रमुख कंपनियां हैं।

एपीडा ने प्रसंस्कृत सब्जियों के निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और यह बुनियादी ढांचे के विकास और संसाधित खीरे की गुणवत्ता बढ़ाने, अंतरराष्ट्रीय बाजार में उत्पादों को बढ़ावा देने और प्रसंस्करण इकाइयों में खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों के कार्यान्वयन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। औसतन, एक खीरा किसान प्रति फसल 4 मीट्रिक टन प्रति एकड़ का उत्पादन करता है और 40,000 रुपये की शुद्ध आय के साथ लगभग 80,000 रुपये कमाता है। खीरे में 90 दिन की फसल होती है और किसान वार्षिक रूप से दो फसल लेते हैं। विदेशी खरीदारों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किए गए हैं।

## भारत में ओमीक्रोन सामुदायिक प्रसार के स्तर पर, कई महानगरों में हो गया हावी : आईएनएसएसीओजी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नईदिल्ली। इंडियन सार्स-कोव-2 जीनोमिक कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) ने अपने ताजा बुलेटिन में कहा है कि भारत में ओमीक्रोन स्वरूप सामुदायिक संक्रमण के स्तर पर है और जिन महानगरों में कोविड-19 मामलों में तेज वृद्धि देखी जा रही है, वहां यह हावी हो गया है।**

कोविड-19 के जीनोम अनुक्रमण का विश्लेषण करने के लिए सरकार द्वारा गठित समूह 'आईएनएसएसीओजी ने यह भी कहा कि देश में ओमीक्रोन के संक्रामक उप-स्वरूप बीए.2 की कुछ हिस्सों में मौजूदगी मिली है। समूह ने रविवार को जारी 10 जनवरी के अपने बुलेटिन में कहा है कि अब तक सामने आए ओमीक्रोन के अधिकतर मामलों में या तो रोगी में संक्रमण के लक्षण दिखाई नहीं दिये या फिर हल्के लक्षण नजर आए हैं। अस्पताल और गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में भर्ती होने के मामले मौजूदा लहर में बढ़ गए हैं और खतरे के स्तर में परिवर्तन नहीं हुआ है। बुलटेन में कहा गया है, 'ओमीक्रोन अब भारत में सामुदायिक प्रसार के स्तर पर है और यह उन विभिन्न महानगरों में हावी हो गया है, जहां नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बीए.2 उप स्वरूप की मौजूदगी मिली है और इसलिए एस जीन ड्रॉपआउट आधारित स्क्रीनिंग के दौरान इस बात की बहुत अधिक आशंका है कि संक्रमण का पता न चले। वायरस के जेनेटिक बदलाव से बना 'एस-जीन ओमीक्रोन स्वरूप के जैसा ही है। बुलेटिन में कहा गया है, ''हाल में सामने आए बी.1.640.2 वंश की निगरानी की जा रही है। इसके तेजी से फैलने का कोई सबूत नहीं है। प्रतिरक्षा को इसके भेदने की आशंका है लेकिन फिलहाल यह 'चिंताजनक स्वरूप नहीं है। अब तक, भारत में ऐसे किसी भी मामले का पता नहीं चला है। रविवार को ही जारी समूह के तीन जनवरी के बुलेटिन में कहा गया है कि ओमीक्रोन अब भारत में सामुदायिक प्रसार के स्तर पर है और यह दिल्ली एवं मुंबई में हावी हो गया है, जहां नए मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बुलेटिन में कहा गया है, ''भारत में ओमीक्रोन का प्रसार अब विदेशी यात्रियों के माध्यम से नहीं बल्कि देश के भीतर ही होने की आशंका है।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का जीवन युवा पीढ़ी के लिए आदर्श - रेखचंद जैन

श्रीकंचनपथ न्यूज

- पद्म धर्मपाल सैनी जी का शाल फ्ल भेंट कर सम्मानित किया
- नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर 125 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**जगदलपुर।** विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव ( नगरीय प्रशासन एवं श्रम विभाग ) रेखचंद जैन ने शिल्पी सांस्कृतिक संस्था के द्वारा शहर के शहीद पार्क के सामने स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की मूर्ति के सामने आयोजित 125 वीं जयंती समारोह में शामिल हो नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने कहा की नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी का जीवन परिचय आज के युवाओं के लिए आदर्श है जिस तरह आज की युवा पीढ़ी आधुनिकता के अंधी दौड़ में भाग रही है उन्हें नेताजी के जीवन से सीख लेनी चाहिए जिन्होंने आई सी एस जैसी प्रतिष्ठित नौकरी को ठुकरा कर देश सेवा का रास्ता चुना था और मातृभूमि के लिए अपना सबकुछ न्यौछावर कर दिया उन्होंने ना केवल देश के राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का काम किया वरण राष्ट्रीय स्वतंत्रता आंदोलन को गति प्रदान करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को भी मजबूत किया और विदेशी सहयोग से आजाद हिंद फौज की भी स्थापना की आज उनके 125 वीं जयंती पर उन्हें सादर नमन करते हैं एवं उनके दिखाए मार्ग पर चलने की कोशिश करने का प्रण करते हैं।

इस अवसर पर विधायक जगदलपुर एवं संसदीय सचिव रेखचंद जैन के साथ पद्म धर्मपाल सैनी, कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय प्रो एस के सिंह,संस्था के अध्यक्ष सुबीर नंदी, डॉ प्रदीप पांडेय, रामचंद्र साहा,इंटक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय सिंह उपस्थित रहे।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर सैकड़ों युवाओं ने कांग्रेस का दामन थामा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़,। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देने वाले महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और आजाद हिंद फौज के नेतृत्व कर्ता, भारतरत्न नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती को जिला कांग्रेस कमेटी में रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक, रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू और कांग्रेस जिलाध्यक्ष शहर अनिल शुक्ला की अगुवाई में मनाया गया।**

सर्वप्रथम रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, जिला अध्यक्ष अनिल शुक्ला ने मिलकर नेताजी सुभाषचंद्र बोस के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। तत्पश्चात सभी उपस्थित कांग्रेस जनों ने भी एक-एक कर अपनी-अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

उसके पश्चात छत्तीसगढ़ के किसान पुत्र, जन-जन में लोकप्रिय, छत्तीसगढ़ की संस्कृति के उद्धारक, छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष, छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय भूपेश बघेल जी के जन हितेषी कार्यों से प्रभावित होकर और युवाओं के प्रेरणा स्रोत, रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक के विकास कार्यों से प्रभावित एवं रायगढ़ नगर निगम की महापौर जानकी काटजू के द्वारा रायगढ़ नगर निगम में किए गए जन कल्याणकारी कार्यों से प्रभावित एवं रायगढ़ शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला के संगठनात्मक क्षमता के परिणाम स्वरूप सैकड़ों युवाओं ने आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस जयंती के शुभ अवसर पर कांग्रेस का दामन थामा। सभी युवाओं को रायगढ़ विधायक प्रकाश नायक, महापौर जानकी काटजू, जिलाध्यक्ष अनिल शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष शहर दीपक पांडेय, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि अशरफखान सब ने मिलकर कांग्रेस का गमछा पहनाकर सभी युवाओं को कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। स्वागत किया और शुभकामनाएं दी।

सभा को रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक प्रकाश नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि, सर्वप्रथम मैं आज महान क्रांतिकारी, युवाओं में जोश भरने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर सादर नमन करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। उसके बाद मैं कहना चाहूंगा कि छत्तीसगढ़ में हमारे माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है सभी लोग खुशहाल हैं और प्रदेश को लगातार देश स्तर में पुरस्कृत भी किया जा रहा है जो साक्षात प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ विकास की ओर अग्रसर है। इन सभी से प्रभावित होकर लगातार आम जनता का रुझान कांग्रेस पार्टी के प्रति बढ़ता ही जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण आज के इन युवाओं द्वारा किया जा रहा कॉंग्रेस प्रवेश है। इस क्रम को हमें बरकरार रखना है। मैं सभी को कॉंग्रेस पार्टी में स्वागत करता हूँ।

# ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने योजनाओं का प्रचार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में महिला शक्ति केंद्र स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से परियोजना केंद्र करतला एवं बरपाली में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों का चयन किया गया है, जो कौशल विकास, रोजगार, डिजिटल साक्षरता, स्वास्थ्य और पोषण के साथ ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए योजनाओं का प्रचार गांव-गांव में कर रहे हैं।**





शासकीय महाविद्यालय बरपाली के राष्ट्रीय सेवा योजना के महिला इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा रंजना नाथ व कार्यक्रम अधिकारी डा शिवदयाल पटेल की अगुवाई में स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं। इन स्वयंसेवको में रेणुका पटेल जामपानी, अभिलाषा श्रीवास फरसवानी, बसंती महंत बरपाली, डोंगरी भाठा, सुहानी गोंड़ बरपाली, रितु जांगड़े संडैल, प्रभा कश्यप भैसा मुड़ा, बबीता साहू देवलापाठ, मिलेश्वरी कवर पकरिया, आंचल पटेल जमनीपाली, रंभा कवर मुकुंदपुर, अंजू खांडे गाड़ापाली, दिव्या पटेल रीवापार, रेशमा कचोरा, शालिनी पटेल अखरापाली, रूचि कंवर नवापारा, पकरिया, भारती कंवर दमखाचा, दिलाशा उरांव सरगबुंदिया, प्रिया कवर बुढ़ियापाली, अन्नापूर्णा महंत बैगापाली, दिव्या साहू सरगबुंदिया, पूजा कंवर खरवानी, शिवरात्रि कंवर सोहागपुर, पूर्णिमा मिरी कोथारी, आरती राजपूत रोगदा, नाका,अनीशा कंवर नवापारा, पठियापाली, अब्दुल रहमान शेख, सोहागपुर, ओम प्रकाश कंवर जर्वे, देवेंद्र पटेल तुमान, अक्ति सागर पुरैना, हिमांशु अनंत तरदा, बसंत कुमार लहरे लीमडीह, चरण सिंह मौहार, राकेश श्रीवास सूपातराई, अजय कुमार कंवर ढिटोरी, दुर्गेश्वरी कंवर सलिहाभाठा, चीकूदास रोगदा, नवापारा, कुंदन सिंह कंवर पहाड़गांव, अमित कुमार खांडे सराईपाली, खरवानी, लक्ष्मी नारायण कर्रापाली, लखन सिंह कंवर उमरेली, अभय मिश्रा बीरतराई, अश्वनी कुर्रे,श्री छोटेलाल कुर्रे मोहरा, धनंजय बघेल, पोड़ीकला, रंजीता कंवर बंधवाभाठा, राजा मिरी कराईनारा, प्रवीण कंवर कनकी, सुभाष कंवर मसान, पुष्पा उरांव ढोंढातराई, संध्या कंवर पचपेड़ी, अशोक कुमार गोस्वामी तिलईभाठा, चिचोली की भूमिका महत्वपूर्ण है। राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य के प्रमुख डा समरेंद्र सिंह, डा मनोज सिन्हा कार्यक्रम समन्वयक अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर, प्रो वायके तिवारी जिला संगठक, डा अंबिकाप्रसाद वर्मा, रागिनी बैस, अंजलि कौशिक, ममता तुली परियोजना अधिकारी ने स्वयंसेवको के कार्यों की प्रशंसा की।

### जिले में बदला मौसम का मिजाज, बारिश से बढ़ी ठंड


बलरामपुर। जिले में मौसम में फ़िर से बदलाव देखने को मिल रहा है। अचानक आसमान में बादल छाए और देखते ही देखते बारिश शुरू हो गई जिले में जनवरी महीने में के दुसरे सप्ताह में जमकर बारिश और ओलावृष्टि हुई थी वापस फ़िर से तेज हवाओं के साथ मौसम बदलने से ठंड में इजाफ़ा हुआ है।




































## खास-खबर

### रायपुर खनिज विभाग के उड़नदस्ता टीम की कार्यवाही देवीपुर स्थित खदान एवं क्रेशर को किया गया सील

**सूरजपुर।** तहसील सूरजपुर के ग्राम देवीपुर में स्थित क्रेशर एवं खदान में एमएमडीआर एक्ट 1957 गौण खनिज नियम 2015 छत्तीसगढ़ खनिज खनन, परिवहन तथा भंडारण नियम 2009 के अंतर्गत जांच के दौरान खनन एवं भंडारण नियमों का उल्लंघन पाया गया। जांच के दौरान नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर रायपुर खनिज विभाग के उड़नदस्ता टीम द्वारा देवीपुर में स्थित मीना गोयल के क्रेशर एवं खदान पर कार्यवाही करते हुए खदान व क्रेशर को सील कर दिया गया है। उड़नदस्ता की टीम ने सक्षम अधिकारी के आदेश तक संबंधित क्रेशर एवं खदान नहीं खोलने और उपयोग नहीं करने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के नियमों का उल्लंघन करने पर एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी तथा 7 दिवस के अंदर जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

### सूने मकान से सवा लाख नकद और सोने-चांदी के जेवर पार

**बिलासपुर (ए)।** चाचा ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए टोयटा कंपनी के मैनेजर के सूने मकान का ताला तोड़कर चोरों ने एक लाख 25 हजार रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। रविवार की सुबह पड़ोसियों ने मकान का ताला टूटा देख उन्हें इसकी जानकारी दी। इस पर घर लौटकर आए मैनेजर ने घटना की शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

तिफरा के यदुनंदन नगर में रहने वाले गणेश मानिकपुरी टोयटा कंपनी में मैनेजर हैं। उनका ससुराल अकलतरा में है। शुक्रवार को उनके चाचा ससुर का देहांत हो गया। इसकी सूचना पर वे परिवार के साथ अकलतरा गए थे। शनिवार की रात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे में रखी आलमारी से एक लाख 25 हजार नकद, सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। रविवार की सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर बताया कि मकान का ताला टूटा है। इस पर वे अपने घर लौटकर आए। इस दौरान उनके कमरे में सामान बिखरा हुआ था। उन्होंने इसकी शिकायत सिरगिट्टी थाने में की है। इस पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद पीड़ित ने खुद ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे हैं। इसमें स्कूटी सवार दो युवक नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी है। लेकिन पुलिस ने इस फुटेज को हासिल नहीं किया है। वहीं, एक बार आने के बाद पुलिस दोबारा मौके पर नहीं पहुंची है। पीड़ित ने जांच में लापरवाही का भी आरोप लगाया है।

# सुरक्षित कालोनी में बदमाशों ने 3 गाड़ियों को किया आग के हवाले, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**भिलाई।** शहर के सुरक्षित कालोनियों में माने जाने वाली जगह पर बाहर से आकर बदमाशों ने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। तालपुरी में 3 गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया गया है। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लगी हुई है। ऐसी घटना यहां दूसरी बार घटी है।



पुलिस से मिली जानकारी अनुसार बीती रात तालपुरी के परिजात कॉलोनी में अज्ञात बदमाशों ने 3 मोपेड वाहन को आग के हवाले कर दिया है। इससे वाहन पूरी तरह से जल गए हैं। घटना की जानकारी लोगों को हुई तो लोग दहशत में आ गए। क्योंकि सुरक्षित रहवासी जगह पर ऐसी घटना से सुरक्षा को लेकर लोगों में चिंता देखी जा रही है। ऐसी घटना पहले भी हो चुकी है।


घटना के बाद तालपुरी के रहवासियों ने मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 435 के तहत मामला दर्ज किया है। परिजात कॉलोनी निवासी कृष्णा पाढी ने मामले को लेकर शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि कॉलोनी में घर के बाहर रखे वाहन एक्टिवा 5जी सीजी 07 बी डब्ल्यू 5060, हीरो प्लेजर सीजी 07 एडब्ल्यू 5548, एक्टिवा 5जी सीजी 07 बीटी 8637 को आग लगाकर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार घटना बीती रात करीब 2 बजे की है। लोगों ने बताया कि गाड़ियों में आग लगने से कॉलोनी में रोशनी बढ़ गई थी, इसके चलते कॉलोनी के लोग उठ गए और जलते वाहनों को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन पूरी तरह जल चुके थे। पुलिस आरोपियों को खोजने के लिए सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। बता दें कि इससे पहले भी परिजात तालपुरी में वाहनों को आग के हवाले करने की घटना सामने आ चुकी है। पुलिस ने कुछ लोगों से पूछताछ की थी। कुछ मामलों का खुलासा भी हुआ था।

घटना के बाद से यहां के रहवासियों में एक दहशत भरी स्थिति है। ऐसी घटना से लोगों ने घर के साथ अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है। आम इलाका नहीं होने के बाद भी बाहर से लोग आकर दहशत फैला रहे हैं। घर के बाहर लगी गाड़ियों को आग के हवाले कर भाग निकले।

# BJYM प्रमुख अमित साहू का एक्सीडेंटः बिलासपुर रोड पर देर रात तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू का एक्सीडेंट हो गया। उनकी कार को एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। ये ट्रक अमित की कार के करीब से तेजी से निकला और टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया। अमित जिस कार में थे उसका सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस हादसे में अमित साहू को कोई चोट नहीं आई। ये हादसा बिलासपुर रोड में नांदघाट के पास रविवार रात को हुआ।




अमित साहू भाजपा के माइक्रो डोनेशन कार्यक्रम में शामिल होकर रायपुर लौट रहे थे। इस हादसे में बाल-बाल बचे भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि वो बिल्कुल ठीक हैं, इस घटना में गाड़ी में मौजूद उनके ड्राइवर और अन्य किसी भी साथी को चोट नहीं आई। अमित ने बताया कि हाइवे पर बेतरतीब ड्राइविंग करने के मामले बढ़े हैं, हाइवे पेट्रोलिंग टीम को इस पर नजर रखनी चाहिए ताकि ऐसी घटनाएं न हों।

### क्या है माइक्रो डोनेशन कार्यक्रम

भाजपा इस अभियान के तहत लोगों से चंदा जमा कर रही है। दरअसल, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 25 दिसंबर को इस माइक्रो डोनेशन अभियान की शुरुआत की थी। अब भाजपा आला कमान के निर्देश पर भाजयुमो देशभर में इस अभियान को चलाने जा रही है। छत्तीसगढ़ में भी ये जिम्मा BJYM पर है। भाजपा इसे चंदा लेने से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के तौर पर देख रही है। इसके जरिए अधिक से अधिक युवा और महिलाओं को नमो एप के जरिए पार्टी से जोड़ा जा रहा है, नमो एप के जरिए ही डिजिटल पेमेंट ली जा रही है।

बोनस के चक्कर में गवाएं 87 हज़ार रुपए

# ऑनलाइन छोटी रकम मिली तो छात्रा का बढ़ा लालच, मां के खाते से भी कर दिए रुपए ट्रांसफर



**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में कॉलेज छात्रा को ठग ने बोनस देने का झांसा देकर 87 हजार रुपए की ठगी कर ली। ठग ने पहले छात्रा को भरोसे में लेकर कम रकम जमा करा बोनस राशि देकर चंगुल में फंसाया था। इसके बाद छात्रा ने अपने साथ ही अपनी मां के अकाउंट से रुपए ट्रांसफर कर दिए। उसकी शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

तिफरा के यदुनंदन में रहने वाली प्रियंका दुबे (20) कालेज छात्रा है। 20 जनवरी को उसके मोबाइल पर अनजान नंबर से मैसेज आया। इसमें उनके बताए अकाउंट में रुपए जमा करने पर तत्काल बोनस राशि मिलने की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उसके अकाउंट में 200 रुपए जमा करने की बात कही गई। छात्रा ने मैसेज देखकर रिप्लाई करना शुरू कर दिया। उसके अकाउंट में 200 रुपए कमीशन जमा किया गया।

फिर छात्रा ने बताए गए अकाउंट में 100 रुपए ट्रांसफर किए, इस पर उसे 320 रुपए बोनस मिला। ऐसे ही ही 500 और 800 रुपए ट्रांसफर करने पर उसे 1450 रुपए बोनस दिया गया। अब ठग ने उससे 87 हजार रुपए जमा करने कहा। लालच में आकर छात्रा ने रुपए जमा करा दिए। इस बार उसे बोनस राशि नहीं मिली। ठगी का अहसास होने पर छात्रा ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

### बोनस देने के बजाए मांगे 87 हजार रुपए

छात्रा को झांसे में लेने के लिए ठग ने 200 से 400 रुपए तक जमा करने पर बोनस राशि दे दी। लेकिन, 87 हजार रुपए जमा करने के बाद उससे फिर से 87 हजार रुपए जमा कराने कहा गया और एक साथ 4 लाख 38 हजार रुपए बोनस देने का झांसा दिया। बोनस नहीं मिलने पर छात्रा को ठगी का पता चला।

### मां के अकाउंट से ट्रांसफर किए रकम

ठग के चंगुल में फंसी छात्रा ने बोनस की राशि पाने के लिए 2 हजार 500 रुपए, 6 हजार 600 रुपए, 30 हजार रुपए और 48 हजार एक रुपए ट्रांसफर कर दी। अपने अकाउंट में रुपए नहीं होने पर उसने अपनी मां के अकाउंट से रुपए ट्रांसफर कर दी। 87 हजार जमा करने के बाद उसे फिर से उतनी ही रकम जमा करने कहा गया तब उसे शंका होने लगी और रुपए वापस मांगने लगी। लेकिन, रुपए वापस नहीं मिले।

# बस-हाइवा की टक्कर में 10 यात्री घायल उतई से पाटन जा रही थी बस

**भिलाई (ए)।** दुर्ग में रविवार शाम हाइवा और बस की टक्कर हो गई। आमने-सामने हुई इस टक्कर में दोनों वाहन सामने से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। भिड़ंत में बस के ड्राइवर और कंडक्टर सहित 10 यात्री घायल हुए हैं। वहीं हाईवा चालक भाग निकला। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है।

उतई टीआई नवी मोनिका पांडेय ने बताया कि हाइवा और यात्री बस में रविवार शाम करीब सवा 5 बजे गोडपेड्री बिजली सब स्टेशन के पास टक्कर हो गई। दीवान ट्रेवेल्स की बस उतई से पाटन की ओर जा रही थी। बस में करीब 30 लोग सवार थे। जैसे ही गोडपेड्री बिजली सब स्टेशन पुलिया के पास पहुंची सामने से आ रहे तेज रफ्तार खाली हाइवा के ड्राइवर ने बस को टक्कर मार दी। दुर्घटना के समय दोनों गाडियों की रफ्तार इतनी तेज थी कि दोनों वाहनों के सामने से परखच्चे उड़ गए। आसपास के लोगों ने पहुंचकर बस में फंसे चालक और यात्रियों को बाहर निकाला।

जिस समय दुर्घटना हुई बस में करीब 30 यात्री सवार थे। घायल होने वालों में चालक राजकुमार गायकवाड़ सहित यात्री श्वेता बंछोर, इमरान खान, नेहा वर्मा, नईम खान, कोमलता यादव, सुनील कुमार साहू, जुब्बी बी, राधिका साहू और काजल भारती आदि शामिल हैं।

# दुकान से डेढ़ लाख की गहनें की चोरी, सीसीटीवी फुटेज से पकड़े गए चोर

**भिलाई।** पावर हाउस मार्केट स्थित सोना और चांदी की पॉलिश करने वाली दुकान में चोरी करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने देर रात दुकान के शटर का ताला तोड़कर वहां सेंधमारी की थी, लेकिन उनकी सारी करतूत एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का 60 प्रतिशत माल बरामद कर लिया है।





छावनी सीएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल ने बताया कि घटना शुक्रवार व शनिवार दरमियानी रात की है। ईडब्ल्यूएस वैशाली नगर निवासी संचालक शशीकांत फडतरे (30 वर्ष) ने शिकायत दर्ज कराई थी कि जवाहर मार्केट में गोल्ड व सिल्वर रिफाइनरी एवं सिल्वर वाइब्रेटर पालिश की उसकी दुकान है।

21 जनवरी की रात 9.30 बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 9.30 बजे दुकान खोलने पहुंचा तो देखा शटर का ताला टूटा हुआ है। दुकान के अंदर तिजोरी को खोलकर देखा तो उसका भी ताला टूटा और सारा सोना चांदी गायब था। तिजोरी के अंदर एक तोला सोने का छोटा टुकड़ा, 1547 ग्राम शुद्ध चांदी का छर्रा, 1780 ग्राम चांदी के पायल, बर्तन, सिंदूर डिब्बा और अन्य चांदी का सामान रखा था।

### सीसीटीवी कैमरे से मिला सुराग

सीएसपी कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में टीआई विशाल सोम ने दो टीमें गठित की थीं। दोनों टीमों टीम ने घटना के आस-पास लगे करीब 30 सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। इसके बाद आरोपियों का सुराग मिला। उत्तर प्रदेश सुल्तानपुर निवासी शातिर आरोपी मोहमद सलमान खान (22 वर्ष) और बसीर अख्तर (26 वर्ष) को 18 नम्बर रोड गौसिया मंजिद के पास से गिरफ्तार किया गया। यह दोनों यहां अपने भाई के यहां रुके थे और भागने की फिराक में थे।

### शातिर चोर है सलमान

सलमान शातिर अपराधी किस्म का युवक है और उसने इससे पहले भी कई चोरियों को अंजाम दिया है। उसने सुल्तानपुर से पेंटर बसीर अख्तर को यहां बुलाया था। दोनों ने पहले जवाहर मार्केट की दुकान की रैकी की। इसके बाद सोना चांदी पॉलिश करने वाली दुकान को चोरी के लिए चुना। आधी रात को दोनों पाना और राड लेकर पहुंचे। उन्होंने दुकान की शटर का ताला तोड़ा। सोना-चांदी और नकदी बैग में भर कर भाग गए। दूसरे दिन दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश निकलने वाले थे कि पुलिस ने उन्हें धर दबोचा।


































## खास - खबर



### नेताजी महान स्वतंत्रता सेनानी थे : सांसद विजय बघेल

**भिलाई।** नेताजी सुभाष चंद बोस की 125 वी जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ बंग महा सभा के तत्वाधान संघटन के अध्यक्ष उदय दत्ता के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।सर्व प्रथम बीएसपी वर्कर्स यूनियन कार्यालय से नेताजी के जयंती पर करोना गाइड लाइन का पालन करते राष्ट्रीय ध्वज के साथ एक रैली निकाली गई। जो प्रियदर्शनी कालोनी सुपेला में नेताजी सुभाष चंद बोस की मूर्ति स्थल पर पहुंची ।इसके उपरांत नेताजी सुभाष चंद बोस के मूर्ति पर सांसद विजय बघेल और छत्तीसगढ़ बंग महासभा के अध्यक्ष उदय दत्ता ने माल्यापर्ण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा की नेताजी इतने महान स्वतंत्रता सेनानी थे कि उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण का अवसर पाकर मैं गौरवांवित महसूस कर रहा हूं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने देश के लिए जो योगदान किया उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। आज देशवासियों को उन पर गर्व है। पूरा देश आज एक नेता जी का 125 जन्मदिन मना रहा है ।छत्तीसगढ़ बंग महासभा के अध्यक्ष उदय दत्ता ने नेताजी के जयंती पर प्रधान नरेंद्र मोदी द्वारा इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद बोस की मूर्ति लगाने का स्वागत किया और इसके लिए छत्तीसगढ़ बंग महा सभा की तरफसे उनका साधूवाद दिया। ड्डकार्यक्रम में प्रमुख रूप से बी एस पी वर्कर्स यूनियन से शिवबहादुर सिंह, दिल्लेश्वर राव, प्रसंजीत दास , प्रताप बोस, तापस चक्रोंबोरती, बालकृष्ण राव,हिंदू जागरण मंच से राजू मित्रा, आशु घोष,अंजन चंद्रा,श्रीराम गुप्ता,संतोष सिंह, परिजात बनर्जी, इमरान खान, महेंद्र प्रताप,सत्यवरत ठाकुर, पी के नंदी,दिलीप चक्रवर्ती आदि उपस्थित थे।

### भिलाई के विकास मे मील का पत्थर साबित होगा जमीन हस्तांतरण

15 सालो मे भाजपाई क्यों नहीं करा पाए जमीन का हस्तांतरण ?

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा 290 एकड़ जमीन को शासन को हस्तांतरित किये जाने का भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और विधायक देवेंद्र यादव जी के क्षेत्र के विकास के प्रति दृष्टिकोण कि सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया ,यह दृढ़ इच्छाशक्ति से ही संभव हो पाया है क्योंकि छग बनने के बाद 15 साल भाजपा का शासन रहा है और भिलाई नगर तथा रिसाली क्षेत्र से भाजपा सरकार मे दो कद्दावर कैबिनेट मंत्री रहे हैं लेकिन उनके दृष्टिकोण मे भिलाई के विकास के लिए ऐसी कोई परिभाषा नही थी या कहिये की उनका भिलाई के विकास के प्रति कोई विज़न ही नही था,जिस तरह से मंत्री ताम्रध्वज साहू जी ने कांग्रेस की सरकार बनते ही रिसाली निगम का गठन किया उसी दिन यह महसूस हो गया था मंत्री जी के पास क्षेत्र के विकास का एक विज़न हैऔर महापौर रहते विधायक देवेंद्र यादव ने यह महसूस कर लिया था की दोहरी व्यवस्था से खुर्सीपार और छावनी क्षेत्र का विकास संभव नही है और जमीन का हस्तांतरण कराया जाना बेहद जरूरी है, जिसका परिणाम है की आज रिसाली छावनी एंव खुर्सीपार क्षेत्र की कुल 290 एकड जमीन का हस्तांतरण संभव हो पाया इस अवसर पर इस ऐतिहासिक पल के साक्षी रहे भिलाई एंव रिसाली के महापौर के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य मे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विकास की अवधारणा के अनुरूप कार्य करने की शुभकामनाएं दी है।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारी में जुटे नगर निगम

भिलाई। दुर्ग जिले में स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 की तैयारी भी तेज हो गई है। गार्बेज फ्री सिटी, स्टार रेटिंग के अंतर्गत ओडीएफ प्लस-प्लस को देखते हुए भारत सरकार द्वारा जारी टूलकिट के अनुसार काम किया जाना है। इसके लिए सार्वजनिक, सामुदायिक शौचालयों में आवश्यक व्यवस्था, तालाबों के आसपास के क्षेत्रों की सघन सफाई, बैरन एरिया, खुले मैदान, ओडी स्पाट, नालियों की सफाई, नाली में जाली, सैप्टिक टैंक की सफाई इत्यादि ओडीएफप्लस-प्लस के प्रोटोकाल के तहत काम करना है। बता दें कि इस बार स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 कुल 7500 अंकों की प्रतियोगिता के साथ आयोजित होगी। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्राम के तहत तीन हजार अंक, वाटर प्लस के तहत एक हजार अंक, जीएफसी के तहत 1250 अंक एवं सिटीजन फीडबैक में 2250 अंक निर्धारित है। इसमें सार्वजनिक सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की सफाई, डोर टू डोर कचरा संग्रहण, कचरे का निष्पादन, एसएलआरएम सेंटर में गीले कचरे से खाद निर्माण आदि को प्राथमिकता के तौर पर रखा गया है।

# सरकार का प्रयास लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना - गुरु रूद्रकुमार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने दुर्ग जिले के ग्राम मोरिद में साहू समाज भवनऔर आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज को बधाई और शुभकामनाएं दी।**



लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने आज दुर्ग जिले के ग्राम मोरिद में साहू समाज भवन और आंगनबाड़ी भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने साहू समाज को बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एकता में बल है, आज इस बात को साहू समाज पूर्ण रूप से सिद्ध कर रहा है। इसी भांति सभी समाज और वर्ग के लोगों को भी एकता के मूल मंत्र को अपनाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि बुनियादी सुविधाएं सभी का हक है। इसलिए उसे पूरा करने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। ग्राम मोरिद अहिवारा के अंतिम छोर पर है। फिर भी यहां पर शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं को हमने प्राथमिकता में रखा है।

मंत्री गुरु रुद्रकुमार ने कहा कि हमारी मंशा है कि गांव का समुचित विकास हो और लोगों का राज्य शासन के प्रति विश्वास बना रहे।

इस अवसर पर उन्होंने भिलाई-चरोदा निगम के नवनिर्वाचित महापौर एवं सभापति को भी बधाई दी और उन्हें विकास के रथ को सभी के साथ मिलजुल कर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप समावेशी विकास का लाभ इस क्षेत्र को भी हमेशा से मिलता रहा है और यह विकास की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। विकास की कड़ी में मोरिद ग्राम में कभी भी कोई कमी नहीं आएगी। मंत्री गुरू रूद्रकुमार ने अधोसंरचना राशि से भवन निर्माण, सड़क निर्माण, तालाब में पचरी और युवा खिलाड़ियों के लिए मैदान के समतलीकरण की बात भी कही। उन्होंने बताया कि 30 मार्च से ग्रामवासियों को पर्याप्त पेयजल मुहैया कराया जाएगा और मोरिद जलाशय से जलापूर्ति के लिए 4 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिल गई है और कार्य भी शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा। इस अवसर पर भिलाई-चरोदा के महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष साहू समाज चंद्रभूषण साहू, कृष्ण चंद्राकर, दीपक साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## भिलाई भाजयुमो के कार्यकर्त्ता शामिल हुए बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की माइक्रो डोनेशन कैम्पेन वर्चुअल रैली में



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। जिला भिलाई के द्वारा जिला अध्यक्ष शरद सिंह जी के नेतृत्व मैं जिला भिलाई के सभी मंडलों के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा की माइक्रो डोनेशन कैम्पेन वर्चुअल रैली में शामिल हुए ।**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर भाजपा युवा मोर्चा जिला भिलाई ने माइक्रो डोनेशन कैम्पेन में जुड़ने का संकल्प लिया उसी कड़ी में युवा मोर्चा जिला भिलाई के प्रत्येक मंडलों में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के द्वारा माइक्रो डोनेशन की वर्चूअल रैली में हिस्सा लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे पी नड्डा जी का उद्बोधन सुना और इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इसी कड़ी में प्रदेश मंत्री गोपाल बीस्ट, प्रदेश, जिला महामंत्री लोकेश पांडे, जगन राव, शैलेंद्र सिंह, रवि राव, अमित राजपूत, सौरव जायसवाल, आशीष शुक्ला, कुबेर शर्मा, मोहनीश देशमुख, महेश तिवारी, सभी मंडल अध्यक्ष अमितेश प्रताप सिंह, शुभम चिंचोलकर, निखिल सोनी, दीपक त्रिपाठी, सुजीत यादव, संजीत यादव, आशुतोष तिवारी, तापस, रूपक, लकी मांडले,एवं सभी मौजूद थे।

## एचएमएस करेगा सभी सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने का विरोध

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। हिंदू मजदूर सभा (एचएमएस) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक एचएमएस मुख्यालय साकेत नई दिल्ली स्थित कार्यालय सभागार में सरकार द्वारा सभी सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने का विरोध किया गया।**

बैठक में रेलवे, इस्पात, इंजीनियरिंग, कोल, भेल, पोर्ट एंड डाक, जैसे समस्त फेडरेशन के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं सभी प्रदेश एचएमएस के प्रभारी प्रतिनिधि सम्मिलित हुए ।बैठक में 23-24 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल को लेकर सभी ने अपनी-अपनी राय रखी ।साथ ही हड़ताल को सफल बनाने के लिए सभी से कहा गया। सर्वप्रथम राष्ट्रीय महासचिव हरभजन सिंह सिद्धू द्वारा सभी फेडरेशन के प्रमुखों एवं राज्यवार उपस्थित प्रभारी प्रतिनिधियों से रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करने को कहा एवं 23-24 फरवरी को सभी राष्ट्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा प्रस्तावित हड़ताल पर चर्चा एवं समर्थन की अपील की।

सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने राज्य एचएमएस यूनियन की स्थिति एवं कोविड-19 से उत्पन्ना हालात पर अपने विचार रखें तथा 23-24 फरवरी की प्रस्तावित हड़ताल पर अपना समर्थन व्यक्त किया। इसी प्रकार सभी फेडरेशन की ओर से रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया एवं हड़ताल का समर्थन व्यक्त किया। स्टील मेटल इंजीनियरिंग उद्योग की ओर से संजय बढ़ाकर ने अपने विचार व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री ने किया कहानी संग्रह विशिष्ट पराग का विमोचन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में सुश्री कोमल पुरोहित धनेसर के कहानी संग्रह विशिष्ट पराग का विमोचन किया। पत्रिका अखबार के भिलाई संस्करण में बतौर डिप्टी न्यूज़ एडिटर कार्यरत सुश्री कोमल पुरोहित धनेसर ने मुख्यमंत्री श्री बघेल को बताया कि उन्होंने पत्रकारिता की शुरुआत बस्तर से की थी।**



उस दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ में पदस्थ पैरामिलिट्री बल के जवानों के जीवन को करीब से देखने का मौका मिला। उन्होंने इस किताब में संकलित 11 कहानियों के माध्यम से पैरामिलिट्री बल के पराक्रमी अधिकारियों और जवानों के जीवन के उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने का प्रयास किया है, जो आम तौर पर लोगों के सामने नहीं आ पाते। उन्होंने बताया कि डिप्टी कमांडेंट चिकित्सा अधिकारी डॉ तारकेश्वर नाथ उनके सह लेखक हैं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुश्री कोमल पुरोहित धनेसर को उनके कहानी संग्रह विशिष्ट पराग के प्रकाशन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भिलाई प्रेस क्लब की अध्यक्ष सुश्री भावना पांडेय, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एसोसिएशन दुर्ग के महासचिव हितेश शर्मा, सुश्री शाहीन खान, सुश्री संगीता मिश्रा, प्रज्ञा अवतार साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस के रुप में मनाई गई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। स्वच्छ भारत अभियान, भारतीय जनता पार्टी, भिलाई एवं पर्यावरण मित्र समिति, सेक्टर-02, के संयुक्त तत्वावधान में महान भारत देश के अमर नायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती पराक्रम दिवस के रुप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।**



इस अवसर पर उपस्थित सभी नागरिकों ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की मूर्ति पर माल्यार्पण किया एवं अनके बताए हुए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर समिति के संरक्षक संतोष कुमार पाराशर ने कहा कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का जन्म सन् 1897 में कलकत्ता के एक सम्भ्रांत परिवार में हुआ था। आप बचपन से पढ़ने अत्यंत मेधावी छात्र थे। उन्होंने ब्रिटेन जाकर आई.सी.एस.की परीक्षा प्राप्त की एवं कलेक्टर बने। किन्तु हमारा देश उस समय पराधीन था इसलिए उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी एवं देश को आजाद कराने के आजाद हिंद फौज का गठन किया जिसमें लगभग 30 लाख सैनिक थे।

इतनी बड़ी फौज बना ना उस समय असंभव था क्योंकि उस समय मोबाइल, इन्टरनेट कुछ भी नहीं था। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ.दिलीप शर्मा ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी एवं उनके द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। वरिष्ठ समाजसेवी प्रशांत क्षीरसागर ने नेताजी को श्रद्धांजलि दी तथा कहा कि हमारा भारत देश माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुरक्षित है तथा श्री मोदी जी नेता जी सुभाष चन्द्र बोस के सभी संकल्पों को पूरा करने की कोशिश कर रहे हैं।

## निलंबित एडीजी जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में लगाई याचिका, कहा- मिले सुनवाई का मौका

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। आय से अधिक संपत्ति, भ्रष्टाचार व राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार निलंबित एडीजी व आईपीएस जीपी सिंह ने सोमवार को हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। अपने वकील आशुतोष पांडे के माध्यम से दायर याचिका में जीपी सिंह ने हाईकोर्ट से सुनवाई की मांग की है। हाई कोर्ट से फिलहाल अभी इस मामले में सुनवाई की तारीख तय नहीं की गई है। माना जा रहा है कि जल्द ही हाई कोर्ट जीपी सिंह मामले की सुनवाई करेगा।**



बता दें छत्तीसगढ़ के निलंबित एडीजी जीपी सिंह को आय से अधिक संपत्ति रखने व वह भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर गिरफ्तार किया गया। 11 जनवरी को EOW की टीम ने दिल्ली से उन्हें गिरफ्तार किया था। 7 दिन की पुलिस रिमांड के बाद उन्हें 18 जनवरी को स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें 14 दिन के न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। फिलहाल जीपी सिंह रायपुर जेल में बंद हैं।

इधर उनके वकील आशुतोष पांडे ने निचली अदालत में जमानत अर्जी लगाई थी, जो खारिज कर दी गई। इसके बाद आज उन्होंने हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए याचिका दायर की है। निलंबित एडीजी जीपी सिंह ने अपने वकील के माध्यम से दायर याचिका में बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान ईओडब्ल्यू के 200 से अधिक सवालों का जवाब दिया है। अब उन्हें सुनवाई का मौका मिलना चाहिए।

याचिका में उन्होंने यह भी कहा है कि ईओडब्ल्यू ने आय से अधिक संपत्ति का मामला बनाया है। जबकि उन्हें अपनी संपत्ति का ब्यौरा प्रस्तुत करने का मौका ही नहीं दिया गया।

उन्होंने कहा है संपत्ति का ब्यौरा देने के लिए जेल से बाहर आना जरूरी है इसलिए इस मामले में हाईकोर्ट को निष्पक्ष सुनवाई करनी चाहिए। सोमवार को हाईकोर्ट में याचिका लगने के बाद फिलहाल हाईकोर्ट से सुनवाई के कोई तारीख नहीं दी गई है। बताया जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में हाईकोर्ट सुनवाई करेगा।

# नेताजी सुभाष चंद्र बोस का आजादी में योगदान अतुलनीय : अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग द्वारा राजीव भवन में आज आजाद हिंद फौज के संस्थापक सुभाष चंद्र बोस जी की 125 वीं जयंती मनाई गई प्रवक्ता सुशील भारद्वाज ने जानकारी दी की सर्वप्रथम सुभाष चंद्र बोस जी की तैलय चित्र पर वेयरहाउसिंग कारपोरेशन सोसायटी के अध्यक्षव विधायक अरुण वोरा जिलाध्यक्ष गया पटेल पूर्व महापौर आर एन वर्मा महापौर धीरज बाकलीवाल ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।**



तत्पश्चात अपने उद्बोधन में अरुण वोरा ने कहा सुभाष चंद्र बोस जी भूत का योगदान भारत की आजादी में महत्वपूर्ण है उनके द्वारा दिया गया नारा तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा युवाओं में जोश भरने वाला और देश प्रेम से ओतप्रोत था।

उनके द्वारा स्थापित आजाद हिंद फौज ने देश के युवाओं को प्रेरित किया कि वह इस आजादी की लड़ाई में देश सेवा मैं अपने सर्वोच्च बलिदान दे सुभाष चंद्र बोस जी ने कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए समान भाव से कार्य किया एवं देश के युवाओं को आजादी के लिए प्रेरित किया आज हम इस आजाद भारत में निवासरत हैं तो इसमें सुभाष चंद्र बोस जी का योगदान है सुभाष चंद्र बोस जी को 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि जिला कांग्रेस कमेटी के समस्त सदस्यों ने दिया ।मंच का संचालन मध्य ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अल्ताफअहमद ने किया।

एवं आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का पटेल ने किया सभा में.विधायक अरुण वोरा जिला अध्यक्ष गया पटेल पूर्व अध्यक्ष आरएन वर्मा महापौर धीरज बाकलीवाल ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद अजय मिश्रा राजकुमार पाली रत्ना नारामदेव नीलू ठाकुर रामकली यादव अब्दुल गनी प्रवक्ता सुशील भारद्वाज दीपक जैन सैयद अनीस रजा आनंद श्रीवास्तव अलख नवरंग राजेश वडयलकर निर्मला साहू इंद्रपाल सिंह भाटिया मोहम्मद यूनुस अली दिलीप ठाकुर अशोक मेहरा मोहित वालदे विकास यादव प्रीतम देशमुख बृजलाल पटेल राजेश्वरी मिश्रा चंद्रशेखर पारख विशाल महानंद उपस्थित थे।

## पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा में 34 हजार ने दी परीक्षा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। व्यापमं द्वारा रविवार को महिला बाल विकास विभाग के लिए पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। इसमें दुर्ग जिले में बनाए गए 113 केंद्र में करीब 34 हजार परीक्षार्थी उपस्थित रहे। जबकि छह हजार से अधिक परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा कोरोना बचाव के लिए बनाए गए नियमों के अंतर्गत ली गई। जबकि द्वितीय पाली में परिसीमित भर्ती परीक्षा आयोजित की गई।**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (सीजी व्यापमं) द्वारा 23 जनवरी को महिला बाल विकास विभाग के लिए पर्यवेक्षक परीक्षा 2021 का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए प्रदेश भर सहित दुर्ग जिले में भी केंद्र बनाए गए थे। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग जिले में विभिन्ना विद्यालयों, महाविद्यालयों सहित कुल एक सौ 13 केंद्र बनाए गए थे।

दुर्ग जिले के परीक्षा केंद्रों में कुल 39 हजार नौ सौ 79 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए पंजीकृत थे। इन पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 33 हजार आठ सौ 70 अभ्यार्थी उपस्थित रहे। इसी प्रकार से छह हजार एक सौ नौ अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा पहली पारी में सुबह नौ से सवा बारह बजे तक आयोजित हुई। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग जिले में परीक्षा शांतिपूर्व संपन्ना हुई। जिले में दुर्ग, भिलाई, चंदखुरी, कुटेलाभाठा, अंडा, कोहका, कुरुद, जुनवानी, हुडको, मालवीय नगर, सेक्टर-9, धनोरा, बोरसी, आर्य नगर, तकिया पारा, शिक्षक नगर, पद्मनाभपुर, सिविल लाइन, मोहन नगर, गया नगर, मठ पारा, सेक्टर-2, नेहरू नगर, सुंदर नगर, वैशाली नगर, सुपेला, राम नगर, खपरी, जेवरा-सिरसा, करंजा भिलाई, रुआबांधा, रिसाली सेक्टर, सेक्टर-4, सेक्टर-6, सेक्टर-7, सेक्टर-10, सेक्टर-8, खम्हरिया, जीई रोड, मोती पारा, मरोदा टैंक, कुम्हारी, जंजगिरी, भिलाई-3, बीएमवाय चरोदा, उतई, खोपली, डूंडेरा, पाटन, सेलूद आदि स्थित विद्यालयों और महाविद्यालयों में परीक्षा केंद्र बनाया गया था।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950